


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 119 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 30 जनवरी 2025 डाक 31 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान मौनी अमावस्या पर भगदड़ के बाद संगम पर फंसे श्रद्धालु



**देश-विदेश**
केजरीवाल के खिलाफ अदालत में केस दायर, 17 फरवरी को पेश होने का नोटिस



**फीचर**
आंध्र प्रदेश का छिपा हुआ खजाना है यह जगह, एडवेंचर प्रेमियों के लिए है जन्नत



## अमेरिका में बड़ा विमान हादसा: वॉशिंगटन डीसी में विमान और हेलीकॉप्टर की टक्कर, 18 की मौत, 64 लोग सवार थे

**वाशिंगटन, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान की अमेरिकी सेना के हेलीकॉप्टर से टक्कर हो गई। क्रैश के बाद यात्रियों से भरा विमान और हेलीकॉप्टर दोनों पोटोमैक नदी में जा गिरे। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, ऑपरेशन के दौरान 18 लोगों की डेड बॉडी नदी से निकाली जा चुकी है। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या इससे ज्यादा बढ़ सकती है। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन फिलहाल जारी है। विमान में लगभग 65 यात्री सवार थे। हादसे के बाद से रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर सभी



उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। विमान अमेरिकी शहर कंसास सिटी से वाशिंगटन आ रहा था। कनाडा एयर का विमान था। अमेरिकी सेना का हेलीकॉप्टर ब्लैकहॉक (एच-60) था। विमान दुर्घटना के बाद पोटोमैक नदी में खोज और बचाव अभियान चल रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे विमान ने रीगन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर को टक्कर मारी। इस बीच घटना के बाद सभी उड़ानें रोक दी गईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर के बाद विमान आग का गोला बन गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस घटना को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, उन्होंने कहा, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, फिलहाल बेहतरी की उम्मीद करते हैं।

## फर्जी नंबर प्लेट की कार कहां से आई? क्या चुनाव आयोग सो रहा है, संजय सिंह ने बताया साजिश, मिला था कैश और शराब

**नईदिल्ली, 30 जनवरी [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली में बुधवार रात को पंजाब भवन के पास से पंजाब सरकार लिखी एक कार से नकदी, शराब और आप के पंपलेट जब्त किए गए। इसके लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने चुनाव आयोग को लेकर भी सवाल उठाए हैं। आप सांसद संजय सिंह का कहना है, वे दिल्ली में फर्जी नंबर प्लेट वाली कार कैसे लाए। क्या इसका मतलब यह है कि कोई भी आतंकवादी दिल्ली में प्रवेश कर सकता है। संजय सिंह ने कहा फर्जी नंबर प्लेट की कार कहां से आई। क्या चुनाव आयोग सो रहा है। उन्होंने कहा दिल्ली में इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई। संजय सिंह ने कहा अगर दिल्ली पुलिस इसमें बीजेपी के साथ शामिल नहीं है तो यह कैसे संभव है।

पंजाब भवन के बाहर खड़ी कार में मिली आप की प्रचार सामग्री, नकदी और शराब पर संजय सिंह ने सफाई दी है। उन्होंने कहा पंजाब सरकार ने पुष्टि की है कि उनके बेड़े में इस मॉडल की कोई सरकारी कार नहीं है। इस कार की नंबर प्लेट किसी अन्य कार की थी, जिसके मालिक मेजर अनुभव सिंह पुरी हैं, जो पहले आर्मी डेंटल कॉलेज, पठानकोट में तैनात थे। संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी एक नकली कार का उपयोग कर रही है। बीजेपी ने आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार को बदनाम करने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया।

## कालाहांडी में हिट-एंड-रन में महिला की मौत

**ओडिशा।** कालाहांडी जिले में लांजीगढ़-मुनिगुडा मार्ग पर डेंगसरगी गांव के पास बुधवार रात को एक महिला की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भुरकुली माझी के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, सड़क पार करते समय एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। महिला को गंभीर रूप से घायल छोड़कर चालक मौके से भाग गया। बाद में उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद भुरकुली के परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। उनके विरोध प्रदर्शन से सड़क पर यातायात बाधित हो गया।

## आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी



**जम्मू और कश्मीर।** आतंकवादियों और उनके सहयोगियों पर शिकंजा कसने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को राजौरी जिले में 25 जगहों पर छापेमारी की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बड़े पैमाने पर की गई छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित मामलों की चल रही जांच के तहत सीमावर्ती जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। छापेमारी वाले स्थानों में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय आतंकवादियों के घर भी शामिल हैं। संदेह है कि सीमा पार से सक्रिय ये आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं।

राजौरी के एक पुलिस अधिकारी ने बताया, एनआईए कोर्ट से मिले वारंट के आधार पर राजौरी पुलिस ने राजौरी शहर, नौशेरा, थानामंडी, दरहाल, कोटेरंका, बुधल, मंजाकोट और चिंगस समेत जिले भर में 25 जगहों पर व्यापक तलाशी ली। अधिकारी ने बताया कि ये तलाशी राजौरी पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले से जुड़ी जांच के तहत की गई। यह मामला राजौरी में सक्रिय एक आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा है, जो जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की मिलीभगत से जम्मू-कश्मीर में ओजीडब्ल्यू को सक्रिय करने के लिए काम कर रहा है।

## महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि: पीएम मोदी अमित शाह-नड्डा और खड़गे ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 30 जनवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने कहा कि बापू के आदर्श हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मैं हमारे राष्ट्र के लिए शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा तथा बलिदान को भी याद करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बापू को याद करते हुए एक्स पर लिखा, सत्य, अहिंसा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के भारतीय मूल्यों को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाने वाले, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी पुरुष महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से वंदन करता हूं। महात्मा गांधी जी ने देश को एकता के सूत्र में बांधकर आजादी के आंदोलन को मजबूती दी। स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में उनके विचार देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। उन्होंने गांधी के विचारों का जिक्र करते हुए एक्स लिखा, सबसे बड़ी मदद जो आप मुझे दे सकते हैं, वह है अपने दिलों से डर को दूर भगाना। शहीद दिवस पर, हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जो हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक प्रकाश हैं। सत्य, अहिंसा, सर्वोदय और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को रोशन करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जो सभी के लिए समानता और उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

## फर्रुखाबाद में बड़ा हादसा, सिलेंडर लदे ट्रक और डंपर की भिड़ंत, दो ड्राइवर समेत तीन की मौत



**फर्रूखाबाद, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

मोहम्मदाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर कुम्हौली पुल पर गुरुवार सुबह आठ बजे सिलिंडर से लदे ट्रक और डंपर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों चालकों समेत तीन की मौत हो गई।

जब कि चार लोग घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में जनपद इटावा के विपिन, मैनपुरी निवासी अक्षय, कन्नौज के छिबरामऊ के अकबरपुर निवासी मानसिंह और एक अज्ञात युवक शामिल है। सिलिंडर से लदा ट्रक मोहम्मदाबाद से छिबरामऊ जा रहा था। जब कि डंपर सामने से आ रहा था। कोहरे की धुंध और तेज रफ्तार घटना का कारण बना। मृतक गैस सिलिंडर लादकर जा रहे चालक मोहम्मदाबाद के सकवाई गांव निवासी अभिमन्यू और उसके साथी नगला बीच निवासी रामकिशोर के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने उसका शव निकालकर मार्च्युरी भेजे हैं। डंपर का चालक अभी फंसा है।

### लुधियाना में तेज रफ्तार का कहर

## 4 गाड़ियों में जोरदार टक्कर ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा



**लुधियाना।** कल रात करीब 10 बजे ग्रैंड वॉक मॉल के पास एक तेज रफ्तार वोक्सवैगन की जेटा कार ने आगे जा रही आई 20 कार को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिसके बाद जेटा कार का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी खाकर डिवाइडर तोड़ दूसरी तरफ जा सर्विस लाइन पर खड़ी थार और फार्च्यूनर कार से टकरा गई। हादसे में सभी कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वही उसमे बैठी सभी सवारियों को लोगो ने बाहर निकाला, जिन्हें चोटें आई थी। लोगो ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। जहां थाना सराभा नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी गाड़ियों को थाने में भेज जांच शुरू की। वहीं, हादसे को अंजाम देने वाला जेटा कार का चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

## श्रीलंका की जेल से रिहा हुए छह भारतीय मछुआरे चेन्नई पहुंचे एयरपोर्ट पर मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने किया स्वागत

**तमिलनाडु, 30 जनवरी [एजेंसी]।**



श्रीलंका की जेल से रिहा हुए छह भारतीय मछुआरे गुरुवार को चेन्नई पहुंचे। एयरपोर्ट पर मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बीते दिनों श्रीलंकाई नौसेना ने 13 मछुआरों को पकड़ा था। इस दौरान उनपर गोलीबारी भी कई गई थी, जिसमें दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा विरोध जताया था। इस मामले को लेकर श्रीलंका उच्चायुक्त को भी दिल्ली में तलब किया गया था। श्रीलंकाई नौसेना के चीफ ने बुधवार को सफाई दे हुए कहा था कि बंदूक गलती से चल गई थी।

जाफना में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया. मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारत सरकार की ओर से कहा गया था कि मछुआरों पर बल का प्रयोग किसी भी परिस्थिति में 'स्वीकार्य नहीं है। नौसैनिकों ने संदेह के आधार पर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में एक भारतीय मछली पकड़ने वाले जहाज पर कब्जा कर लिया था, क्योंकि उसने क्षेत्र छोड़ने के निर्देश का पालन नहीं किया था।

## नशे में बस दौड़ाया, 100 यात्रियों से भरी बस सड़क से उतरी

**अंबिकापुर।** नेशनल हाईवे 43 पर यात्रियों से भरी बस हादसे की शिकार होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस अनियंत्रित होकर सड़क छोड़कर झाड़ियों में जा घुसी। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। इस हादसे में यात्री बाल-बाल बचे। यह घटना रघुनाथपुर चौकी क्षेत्र के एनएच 43 सड़क पर ग्राम गंगापुर के पास देर रात हुई. बताया जा रहा कि ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, बदन बस रायगढ़ से बिहार सासाराम जा रही थी। ढाबा में खाना खाने बस को रोकी गई। इस दौरान वाहन चालक ने शराब पिया, फिर बस में यात्रियों को बैठाकर गाड़ी आगे बढ़ाया, इस दौरान गंगापुर गांव के पास ड्राइव ने अपना नियंत्रण होकर बस को झाड़ी में घुसा दी। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मेयर चुनाव के लिए मतदान शुरू, सांसद मनीष तिवारी ने डाला सबसे पहला वोट

**चंडीगढ़, 30 जनवरी [एजेंसी]।**



चंडीगढ़ का अगला मेयर कौन होगा, ये आज पता चल जाएगा। सुबह 11 बजे निगम चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया। इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार प्रेमलता और भाजपा की प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला के बीच है। वहीं भीतरघात की संभावना से सभी दल टेंशन में हैं। मेयर चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। सांसद मनीष तिवारी ने सबसे पहला वोट डाला। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव पारदर्शी तरीके से होना चाहिए, क्योंकि पिछली बार जो हुआ वह हम सब ने देखा है। उन्होंने प्रीसाइडिंग अधिकारी को कहा कि पहले वह अपना एक पेन तय कर ले, उसी से सारे काम करें क्योंकि पिछली बार बहुत गड़बड़ हुई थी।मेयर चुनाव की कार्यवाही शुरू हो गई है। सचिव गुरिंदर सिंह सोढ़ी की तरफ से चुनाव के नियम व शर्तों के बारे में बताया जा रहा है। बैलेट पेपर पर मतदान देने के तरीके के बारे में भी पार्षदों को जानकारी दी जा रही है। थोड़ी देर में वोटिंग की प्रक्रिया शुरू होगी।मेयर चुनाव के लिए डीसी निशांत कुमार यादव और पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की रिटायर्ड जज जयश्री ठाकुर कुर्सी पर बैठ गए हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षद सांसद मनीष तिवारी के साथ नगर निगम पहुंचे हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से मेयर कुलदीप कुमार को बेल मिल गई है। वह चुनाव में वोट डालेंगे।सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त की गई इंडिपेंडेंस ऑब्जर्वर रिटायर्ड जस्टिस जयश्री ठाकुर चंडीगढ़ नगर निगम पहुंच चुकी है। उनकी मौजूदगी में ही चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। भाजपा के पार्षद भी निगम पहुंच चुके हैं।

## बसपा नेता रज्जूमाजरा हत्याकांड का आरोपी सागर मुठभेड़ में ढेर, कई जवान घायल



**अंबाला, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

बीएसपी नेता हरबिलास सिंह रज्जूमाजरा हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अंबाला पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में आरोपी सागर को मार गिराया है। फायरिंग में दो से तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंबाला के नारायणगढ़ में बसपा के प्रदेश सचिव व विधानसभा चुनाव लड़ चुके 41 वर्षीय हरबिलास रज्जूमाजरा की 24 जनवरी को पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात शहर के बीचों बीच आहलुवालिया पार्क के पास हुई थी। पुलिस के अनुसार, घटना के समय हरबिलास अपने साथियों के साथ पार्क के पास ही इनोवा गाड़ी में बैठे हुए थे। इस दौरान दूसरी कार से आए तीन से चार हमलावरों ने मौका मिलते ही हरबिलास की गाड़ी पर दोनों तरफ से हमला कर दिया। गोली चलते ही हरबिलास व उनके साथी इधर-उधर दौड़े, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा करते हुए गोलियां बरसाईं। हरबिलास के सीने में पांच गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, उनके एक साथी चुन्नु डांग को एक गोली लगी। उनको चंडीगढ़ रेफर किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 29 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 7 महिलाएं भी शामिल



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में कुतुल एरिया कमेटी के 29 नक्सलियों ने नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार के सामने सरेंडर कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 22 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल हैं। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सलियों द्वारा सरेंडर का सबसे बड़ा कारण जिले में चलाए जा रहे विकास कार्य है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के नक्सलियों को क्षेत्र में तेजी से बन रही सड़कें तथा गावों तक पहुंचती विभन्न सुविधाओं ने प्रभावित किया है, जिस कारण उनका नक्सली संगठन के विचारों से मोहभंग हो रहा है।आत्मसमर्पण करने पर सभी माओवादियों को 25,000 रुपये का इनाम चेक दिया गया और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली पुनर्वास नीति के तहत उपलब्ध सभी लाभ प्रदान किए जाएंगे।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



## सीईओ जिला पंचायत ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**कोरबा** । श्री दिनेश कुमार नाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा के द्वारा बुधवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्युत गृह क्रमांक 01 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण दो पाली में आयोजित किया गया जिसमें कुल 850 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सीईओ ने सभी प्रशिक्षुओं को चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु मार्गदर्शन दिया,विशेष रूप से मतगणना प्रक्रिया पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही,मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

### एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग के छात्र 17 फरवरी तक करा सकते हैं पंजीयन

**कोरबा** । एजिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत् शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 12वीं से उच्चतर) छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण पंजीयन, संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लाक करने के लिए तिथि में वृद्धि की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थी 01 फरवरी 2025 से अपना पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्ययनरत् विद्यार्थियों से 01 फरवरी से 17 फरवरी तक नवीन तथा नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, 28 फरवरी तक ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक किया जाएगा, साथ ही 20 मार्च 2025 तक सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। साथ ही ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेंक्शन ऑर्डन लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे।वर्ष 2024-25 से संस्थाओं को जिला नोडल द्वारा प्रदाय प्रशिक्षण अनुसार जियो टैगिंग किया जाना अनिवार्य है जिन संस्थाओं द्वारा जियो टैगिंग नहीं किया जाएगा, उन संस्थानों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

# वनवासी कन्या छात्रावास की उपलब्धियां से अभिभूत हुए अतिथि

**कोरबा।** बिलासपुर सेवा भारती के अंतर्गत एच टी पी एस कोरबा पश्चिम के आवासीय परिसर में संचालित मां सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास में मंगलवार दिनांक 28 फरवरी को एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया । वर्षा मेडिकल कोरबा के मालिक श्री मदनलाल अग्रवाल एवं श्रीमती सावित्री अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रवीण श्रीवास्तव मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कोरबा पश्चिम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वय श्री एम के गुप्ता एवं श्री के एन बी राव उपस्थित थे ।

दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के तिलक रोली से स्वागत पश्चात छात्रावास की कन्याओं ने हर मंगलवार को किया जाने वाला हनुमान चालीसा पाठ एवं श्री राम का एक भजन सामूहिक रूप से गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । ठाकुर महेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय दिया । समिति के सहसचिव श्री मनोज पटेल ने विगत 23 वर्षों से संचालित इस कन्या छात्रावास का विस्तृत परिचय देते हुए विगत वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से बताया । सन् 2002 से संचालित इस छात्रावास में पढ़ने वाली कन्याओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अभी तक इंजीनियरिंग , मेडिकल , विधि एवं संगीत के क्षेत्रों में स्नातक व स्नातकोत्तर उपाधियां हासिल की हैं । इस वर्ष कक्षा छठवीं से 12 वीं तक 55 की संख्या में आदिवासी कन्याएं छात्रावास में रहती हैं , जो कोरबा जिले के साथ-साथ रायगढ़ , अंबिकापुर , कोरिया जिला की रहने वाली हैं । प्रतिवर्ष छठवीं से 12वीं तक की कन्याओं का शत प्रतिशत परिणाम यह बतलाता है कि छात्राओं की प्रगति और सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संचालित छात्रावास



अपनी प्रगति की ओर अग्रसर है । समिति के सचिव श्री मेघराज बारस्कर ने छात्रावास की अन्य गतिविधियों की जानकारी के साथ-साथ मूलभूत आवश्यकताओं की ओर उपस्थित अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया । आपने कहा कि विद्युत मंडल के आवासीय परिवार परिसर के लोगों तथा कोरबा की समाजसेवी संस्थाओं के आर्थिक सहयोग से ही यह कन्या छात्रावास संचालित होता आया है ।

मुख्य अतिथि श्री प्रवीण श्रीवास्तव ने कन्याओं की विशिष्ट उपलब्धियां के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस छात्रावास में वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रदीप देशपांडे जी के साथ अनेकों बार आना हुआ है । आज प्रथम अवसर है जब कन्याओं के साथ बातचीत कर प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रगति के बारे में जाना । आपने समिति के सभी सदस्यों , छात्रावास में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया । विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राव एवं श्री गुप्ता ने भी अपने आशीर्वचन में छात्राओं का उत्साह वर्धन किया । आयोजक अग्रवाल परिवार के द्वारा छात्रावास में कन्याओं को आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की गई ।

छात्रावास अधीक्षिका सुश्री सीता एवं सहायक अधिक्षिका सुश्री पार्वती की देखरेख में प्रात: 5: 00 बजे से रात्रि 10: 00 बजे तक की दिनचर्या के अंतर्गत छात्रावास में अनुशासन , भारतीय संस्कृति बद्ध नैतिक शिक्षा एवं संस्कारों को प्राधान्य दिया जाता है । छात्रावास की कन्याएं सरस्वती शिशु मंदिर, विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 एवं शासकीय संस्थाओं में अध्ययन करती हैं । श्री हेमन्त माहुलीकर ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर समिति के संरक्षक श्री सिदार , पूर्व सचिव एवं सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री श्री सारथी करकरे, शिक्षक श्री अरुण दास वैष्णव , ठेकेदार संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा जैलगांव स्थित वर्षा मेडिकल के संचालक श्री शैलेश अग्रवाल अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित थे ।

## रावा में 07 महीने पूर्व 23.78 लाख के निर्मित सीसी सड़क से बालू और गिट्टी उखड़कर बिखर रहे... जगह- जगह पड़ी दरारे

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा एक ओर शासन- प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लाखों-करोड़ों खर्च करते हुए विकास के मिशन पर काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर पंचायत के जवाबदार व संबंधित अधिकारी मिशन में ही कमीशन तलाश कर गांवों को खोखला करने में तुले हुए है। जिससे विकास बनाम निर्माण कार्यों के पैसों का एक बड़ा हिस्सा इनकी मिलीभगत से कमीशनखोरी में चला जा रहा और निर्माण कार्य भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ जा रही है। जिला खनिज न्यास मद से गांव के विकास के लिए स्वीकृत कार्यों का हाल भी बेहद बुरा है। रावा में 07 माह पहले 23.78 लाख की लागत से दो स्थानों पर बनी सीसी रोड में भी घटिया निर्माण के चलते निर्माण के बाद दरारें आने के साथ ही उखड़ने लगी है। जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और उन्होंने सरपंच- सचिव व अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पोड़ी उपरोड़ा जनपद के ग्राम पंचायत रावा में 07 माह पूर्व ही दो स्थानों पर सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है। पहला निर्माण मुख्यमार्ग स्थित बोधन घर से सरपंच घर की ओर, जिसकी लंबाई 537 मीटर व लागत राशि 19.50 लाख है, वहीं दूसरा निर्माण मुख्यमार्ग से उप स्वास्थ्य केंद्र तक है। जिसकी लागत राशि 4.28 लाख और लंबाई 1.50 मीटर है। इसमें निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के पदाधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारियों के आपसी सांठगांठ से निर्माण कार्य मे जमकर अनियमितता बरती गई है। बनने के बाद ही सीसी रोड में जगह- जगह दरारें आ गई है तो गिट्टी उखड़ने भी लगी है, जो किसी से छिपी नही है। ऐसे में उक्त निर्माण को लेकर अब निवर्तमान सरपंच सुमेंद सिंह कमरों व सचिव सूर्यकांत कश्यप के अलावा निरीक्षण करने वाले आरईएस के एसडीओ, मूल्यांकन करने वाले इंजीनियर और भुगतान जारी करने वाले जनपद सीईओ की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे है। जानकार ग्रामीणों के मुताबित सीसी सड़क निर्माण में किसी भी तरह के निर्देशों का पालन नही किया गया। निर्माण के दौरान मानक को दरकिनार कर सामाग्री की गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया, सीमेंट की जगह बालू और गिट्टी का ही ज्यादा इस्तेमाल किया गया। सीसी रोड निर्माण के पहले जमीन में पालीथिन बिछाई जाती है। निर्धारित अनुपात में सीमेंट, रेत, गिट्टी का मिश्रण कर ढलाई की जाती है। इसके बाद उसे समतल करने के लिए वाइब्रेटर मशीन चलाया जाता है। मगर यहां बिना पालीथिन बिछाए ढलाई कर दी गई है। वही पर्याप्त मात्रा में सीमेंट भी नही मिलाया गया है। जिससे सड़क में मजबूती नही है। इसके अतिरिक्त सीसी सड़क निर्माण के समय उसका स्तर बराबर होना चाहिए, मगर यहां सड़क बनाते समय समतल न बनाकर ऊपर नीचे कर दिया गया है। नतीजतन सड़क 07 महीने में ही बर्बाद होने लगी है। रोड में पानी तराई नही होने से जहां जगह- जगह से दरार पड़ गई है तो इस सड़क पर बालू और गिट्टी उखड़कर बिखर रहे है। सीसी रोड बनने पर स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें आवागमन में सुविधा होगी, मगर 07 महीने में सड़क का यह हाल है तो आने वाले दिनों में क्या होगा समझा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है

कि सरकार और प्रशासन गांव का विकास चाहती है, लेकिन सरपंच और सचिव के साथ अधिकारी ही योजनाओं को बर्बाद कर रहे है। जेबें भरने की मंशा से गुणवत्ताहीन किये गए सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जिला प्रशासन से अपेक्षित मांग की है।

## जिले के 80 फीसदी से अधिक किसानो ने बेचा धान

**कोरबा।** कोरबा जिले में 41 सहकारी समितियां के 65 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। अब तक 28 लाख 52 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। पिछले सप्ताह टोकन भी जारी नहीं हो रहा था। अभी तक 43,896 किसान धान बेच चुके हैं, जो पंजीकृत किसानों का 81.5 प्रतिशत है। जिले में धान खरीदी के लिए कम समय बच गया है, लेकिन टोकन भी 30 व 31 जनवरी के लिए ही मिल रहा है। इस वजह से दो दिन ही खरीदी और होगी। जानकारी के अनुसार सोमवार को धान खरीदी ही नहीं हो पाई। पहले एक सप्ताह से टोकन भी नहीं मिल रहा था। रविवार से टोकन जारी हो रहा है। अभी भी कई किसान धान नहीं बेच पाए हैं।

## एसईसीएल ने जेम पोर्टल से की 14,000 करोड़ रूपए से अधिक की खरीदी

**कोरबा।** एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक भारत सरकार के जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल से 14,000 करोड़ से अधिक की खरीद कर चुकी है। अप्रैल 2024 से अब तक कंपनी ने 14,298 करोड़ से अधिक के उत्पाद एवं सेवाओं का क्रय किया है। कंपनी के इस वित्तीय वर्ष के जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय का लक्ष्य 14858 करोड़ है और कंपनी लक्ष्य का 96त्न हासिल कर चुकी है जबकि वित्तीय वर्ष के समाप्त होने में अभी 2 महीने शेष हैं। जेम पोर्टल के माध्यम से एसईसीएल द्वारा कोयला उद्योग से जुड़े उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय किया गया है जिसमें नट-बोल्ट से लेकर खदानों में प्रयुक्त होने वाली बड़ी एचईएमएम (हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी) मशीनें जैसे 240 टन डंपर, 42 क्यूबिक मीटर शॉवेल, डोजर, ग्रेडर आदि शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी, वे ब्रिज, इलेक्ट्रोनिक्स एवं दूरसंचार, आईटी, इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल, एवं दैनिक उपयोग से जुड़े विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से कर रही है। कंपनी द्वारा प्रयोग में ली जाने वाली उन सभी चीजों का शत-प्रतिशत क्रय जेम पोर्टल से किया जा रहा है जो जेम पोर्टल पर उपलब्ध हैं। किसी उत्पाद की उपलब्धता जेम पोर्टल पर न होने की स्थिति में कंपनी जेम पोर्टल के प्रावधानों के अनुसार कस्टम बिडिंग के माध्यम से उनका क्रय कर रही है। जेम पोर्टल सरकारी खरीद-फरोख्त के लिए बनाया गया एक ऑनलाइन पोर्टल है। 2016 में शुरू किए गए इस पोर्टल का लक्ष्य सरकार एवं उसके उपक्रमों द्वारा की जाने वाली ख़रीदारी को कुशल, पारदर्शी और समावेशी बनाना है।

कंपनी द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 60,000 करोड़ से अधिक की वस्तुओं की खरीद जेम से माध्यम से की गई थी और इस वर्ष भी कंपनी एक बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

## वेदांता समूह रायगड़ा में लगाएगी एल्यूमीनियम रिफाइनरी

**कोरबा।** वेदांता समूह ने मंगलवार को कहा कि कंपनी की 1 लाख करोड़ रुपए की एल्यूमीनियम रिफाइनरी और स्मेल्टर परियोजना ओडिशा के रायगड़ा जिले में स्थापित की जाएगी। कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि परियोजना का पहला चरण अगले तीन वर्षों में चालू होने की उम्मीद है, जिसे बाद में विस्तारित किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में वेदांता ने घोषणा की थी कि वह ओडिशा में 6 एमटीपीए एल्युमिना रिफाइनरी और 3 एमटीपीए ग्रीन एल्यूमीनियम प्लांट बनाने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। हालांकि, उस समय यह नहीं बताया गया था कि इसे कहां स्थापित किया जाएगा। राज्य के व्यापार सम्मेलन, उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा के अवसर पर बोलते हुए अग्रवाल ने कहा, हम रायगड़ा जिले में 6 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता की एल्यूमीनियम रिफाइनरी और 30 लाख टन क्षमता का एल्यूमीनियम स्मेल्टर स्थापित करेंगे। कुल निवेश लगभग 1 लाख करोड़ रुपये होगा।उन्होंने कहा कि समूह को रायगड़ा जिले में सिजिमाली बॉक्साइट खदान मिली है, जिसे अब विकसित किया जा रहा है। अग्रवाल ने अक्टूबर में यहां मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ अपनी बैठक के दौरान एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से राज्य में एक एल्युमीना रिफाइनरी और एक एल्यूमीनियम संयंत्र स्थापित करने का वादा किया था। अग्रवाल ने कहा कि वेदांता समूह ने पहले ही ओडिशा में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि का महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी झारसुगुड़ा में 18 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले स्मेल्टर संयंत्र और लांजीगढ़ में 35 लाख टन सालाना क्षमता वाली एल्युमीना रिफाइनरी का संचालन कर रही है। दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम स्मेल्टर बनाने का सपना हो रहा पूरा वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि ओडिशा सही मायने में एक 'सनराइज स्टेट' है, जहां हेरिटेज और विकास का एक परफेक्ट ब्लेंड है। ओडिशा में भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट और क्रोमाइट भंडार है और यह एल्यूमीनियम के हब के रूप में उभर रहा है। मुझे आज भी याद है कि 90 के दशक में मैं अपने प्रोजेक्ट हेड के साथ झारसुगुड़ा में रेलवे ट्रैक पर बैठकर दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम स्मेल्टर बनाने का सपना देख रहा था। भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से यह अब एक वास्तविकता है। एक लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट पहले ही हो चुका है और एक लाख करोड़ और इन्वेस्ट करने की योजना है, हम 20 लाख लोगों को आजीविका देने और 3 मिलियन टन एल्यूमीनियम प्लांट बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का वर्ष 2025-26 में कक्ष 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि संशोधित

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं के लिए प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को होना निर्धारित किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन के प्रदेश में प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के कारण कक्षा 6 वीं हेतु प्राक्चयन प्रवेश परीक्षा का आयोजन अब रविवार 02 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जायेगा।

## भाजपा प्रत्याशियों की जीत का लिया संकल्प



**कोरबा** । नगर निगम चुनाव के संचालन और भाजपा प्रत्याशियों की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर प्रत्याशी संजू देवी सिंह राजपूत एवं सभी 67 पार्षद प्रत्याशियों के साथ दीनदयाल भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की और चुनाव संचालन की कार्ययोजना तैयार की गई।बैठक में प्रमुख नेता एवं पदाधिकारी कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, निकाय चुनाव प्रभारी रजनीश कुमार सिंह, भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री विकास रंजन महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, भाजपा कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, भाजपा नेता आरिफ खान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली रत्नपारखी एवं भाजपा प्रदेश मंत्री ओ बी सी मोर्चा सुश्री ऋतु चौरसिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भाजपा महापौर प्रत्याशी एवं 67 पार्षद प्रत्याशियों की प्रचंड जीत के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। मतदाताओं तक भाजपा की विकास योजनाओं को प्रभावी तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया गया। डोर-टू-डोर अभियान, सोशल मीडिया प्रचार और बूथ प्रबंधन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

## भैसमा में हुए तीहरे हत्याकांड के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

कोरबा। अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर और बेटी आशी कंवर की तीन साल पहले बेरहमी से हत्या कर दी गई थी.

इस हत्याकांड से प्रदेश में सनसनी फैल गई थी. अब इस मामले में तीन साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. आरोपियों में मृतक के बड़े भाई का साला और एक महिला सहित कुल पांच लोग शामिल हैं.

मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. सरकारी अभिभाषक कृष्ण द्विवेदी ने बताया कि हरीश कंवर और उनके परिवार के अन्य सदस्य की निर्मम हत्या की गई थी. तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदेश्वर की पीठ ने मामले की सुनवाई की. अभियोजन पक्ष ने सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. यह फैसला हत्याकांड के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है. मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. सरकारी अभिभाषक कृष्ण द्विवेदी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री प्यारेलाल कंवर के पुत्र हरीश कंवर और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की निर्मम हत्या की गई थी. कोर्ट के फैसले के बाद, कृष्णा द्विवेदी ने कहा कि इस मामले में कुल पांच आरोपियों को सजा दी गई है, जिनमें एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं. तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदेश्वर की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की. मामले में अभियोजन पक्ष ने सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, जिन्हें न्यायालय ने संज्ञान में लिया और सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

**जानिए क्या है मामला**

यह हत्याकांड 21 अप्रैल 2021 को उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा गांव में हुआ था. स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर और बेटी आशी कंवर की हत्या सुबह के समय कर दी गई थी. तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे. मामले में कुछ ही घंटों में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें पता चला कि हत्यारा मृतक के बड़े भाई का साला था. मामले में गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था. ट्रिपल मर्डर मामले में तत्कालीन गृहमंत्री ने बताया था कि प्रारंभिक पूछताछ में पैसों का लेन-देन मामला सामने आया था.

## भाजपा के नरेन्द्र देवांगन निर्वाचित हुए निर्विरोध पार्षद



**कोरबा।** जिले में नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड नंबर 13 की तरह नगर निगम कोरबा के वार्ड नंबर 18 कोहड़िया वार्ड से पार्षद प्रत्याशी के रूप में भाजपा के नरेंद्र देवांगन निर्विरोध पार्षद चुन लिए गए हैं नरेंद्र देवांगन के खिलाफ कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश उर्फ विक्की ने अपना नाम वापस ले लिया है इस तरह नरेंद्र देवांगन नगर निगम कोरबा के पहले निर्विरोध पार्षद चुन लिए गए हैं।




# सोसायटियों के ई-पीओएस को बदलने की तैयारी

### दुकानों में लगाई जाएगी अपडेट मशीनें

कोरबा । शासकीय उचित मूल्य दुकानों में लगाई गई ई-पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीनों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने रिजेक्ट कर दिया है। यूआईडीएआई ने इन्हें सुरक्षा कारणों से अनुचित माना है। यही वजह है कि प्रदेश की सभी दुकानों में अपडेट मशीनें लगाई जाएंगी। नई मशीन के संबंध में यह दावा किया जा रहा है कि यह सुरक्षित तो होगी ही, स्पीड भी ज्यादा रहेगी। बारिश में सर्वर डाउन जैसी समस्या नहीं आएगी। पिछले 8 साल से राशन दुकानों की मशीनों को दो से तीन बार बदला जा चुका है, ताकि राशन की गड़बड़ी रोकी जा सके। मशीनें देने की शुरुआत लोगों के आधार नंबर को राशन कार्ड से लिंक करने के बाद हुई। पहले टेबलेट, फिर मारफो, ई-पीओएस और वेइंग मशीन दी गई। पहले फोटो खिंचवाने पर राशन मिल जाता था। इसके बाद बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट को अनिवार्य किया गया। यानी परिवार के किसी एक सदस्य के अंगूठा लगाने पर राशन दिया जाने लगा। इस मशीन में भी फिंगरप्रिंट को लेकर शिकायत मिलने लगी। यही वजह है कि यूआईडीएआई ने इसे रिजेक्ट कर अपडेट वर्जन की मशीन लगाने के निर्देश दिए। राज्य शासन ने मेसर्स लिंक वेल टेलीसिस्टम कंपनी को अपडेट वर्जन की मशीन लगाने कहा है। चूंकि पूर्व में शर्त में ही यह बात लिखी थी कि मशीन में दिक्कत होने पर कंपनी ही इसे बदलकर देगी, उसी आधार पर कंपनी को नए निर्देश का पालन करना है। कंपनी के लोग पुरानी मशीन को वापस लेकर नई लगाएंगे। वे इसे इंस्टॉल भी करेंगे ताकि दुकानदारों को परेशानी न हो। नई मशीन लगाने का कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक अभी मंत्रा इनबिल्ट एलओ बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर दुकानों में लगा है। अब दुकानों में इस मशीन की जगह एलआई स्कैनर युक्त वीए 2 वन ई-पीओएस डिवाइस लगाया जाएगा। इस डिवाइस को यूआईडीएआई ने अप्रूव किया है। कंपनी को 2021 में मशीन लगाने का ठेका मिला था।

# अकलतरा में गुपचुप वाली दीदी बनीं वार्ड नंबर 11 की भाजपा प्रत्याशी

**जांजगीर चांपा में नगर पालिका अकलतरा में गुपचुप वाली दीदी बनीं वार्ड नंबर 11 की भाजपा प्रत्याशी, समाज में नई मिसाल**

**जांजगीर-चांपा।** जिले के अकलतरा नगर पालिका परिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर समाज के बीच से साधारण महिला को राजनीतिक मंच देने की मिसाल पेश की है। वार्ड नंबर 11 से भाजपा ने गुपचुप बेचने वाली संतोषी कैवर्त को अपना प्रत्याशी बनाया है।

प्रत्याशी संतोषी कैवर्त शहर के बजरंग चौक के पास ठेला लगाकर गुपचुप बेचने का काम करती हैं और पिछले 15 वर्षों से यह व्यवसाय अपने छोटे भाई के साथ मिलकर कर रही हैं। उन्होंने अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाया और कड़ी मेहनत और संघर्ष के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई। संतोषी का सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व वार्ड के लोगों के बीच उन्हें बेहद लोकप्रिय है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने से उन्हें गुपचुप वाली दीदी के नाम से जाना जा रहा हैं।



प्रत्याशी संतोषी ने अपने नामांकन पर पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता को सम्मानित करने का यह कदम उनके लिए गौरवपूर्ण है छोटे कार्यकर्ताओं को इतना बड़ा मौका दिया जाता है। मैं जनता से अपील करती हूं कि मुझे आपकी सेवा करने का अवसर दें।संतोषी कैवर्त की उम्मीदवारी से प्रदेश में चर्चा का विषय बना दिया है। इसे लोग एक सकारात्मक पहल मानते हुए कह रहे हैं कि यह कदम समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने की ओर एक बड़ी दिशा है।

वार्ड की पूर्व पार्षद और वर्तमान भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। जिसका उदाहरण गुपचुप बेचने वाली बेटी संतोषी कैवर्त्य को वार्ड नंबर 11 से अपना उम्मीदवार बनाया है निश्चित ही उन्हें वार्ड के जनता से भरपूर सहयोग मिल रहा है इस बार जीत कर विजय होगी और वार्ड का विकास के कामों पर ध्यान देगी।

## ज्ञानोदय विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में गणतंत्र दिवस का समारोह संस्था के प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।



समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के रोहण के साथ किया गया। इसके बाद छात्र - छात्राओं ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र गान का गायन किया और राष्ट्र भक्ति एवं देश प्रेम से ओत - प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ .सुरेश यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। हमें अपने देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। एक विद्यालय के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करें बल्कि उन्हें एक अच्छा नागरिक और जिम्मेदार व्यक्ति भी बनाएं। हमें अपने छात्रों को सिखाना चाहिए कि वे अपने देश के प्रति कैसे जिम्मेदारी से काम कर सकते हैं और अपने समाज को कैसे बेहतर बना सकते हैं।आज के दिन मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि हम अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उनका पालन करें। हमें अपने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। देश की आन बान और शान के लिए मर मिटने का संकल्प लेना होगा।

गणतंत्र दिवस समारोह में प्राचार्य सहित श्रीमती चंचला मिश्रा , मूलचंद साव, मनहरण सूर्या,दामिनी कश्यप, प्रिया कोसरे,पुष्पेंद्र, इत्यादि शिक्षक - शिक्षिकाएं सहित विद्यालय के कर्मचारी, पालक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे। समारोह के अंत में छात्रों को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ाने का संकल्प लिया।

## उपचार कराने गए परिजन, चोरों ने जेवर और नगदी पार किये

**जांजगीर।** जांजगीर मां के इलाज के लिए रायपुर गए ग्रामीण के सूने मकान की खिड़की से चोर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवर, 10 हजार नगद सहित 50 हजार के सामान लेकर भाग गए। इधर वारदात के अब पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी है। मामला नगरदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस अनुसार ग्राम झरना का रहने वाला युवक लोकेश सिंह राठौर की मां ललिता राठौर की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। खबर मिलने परिजन मौके पर और बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर लेकर पहुंचे। दो दिनों के बाद बिलासपुर के अस्पताल से उसे रायपुर रेफर कर दिया।



इस बीच घर पर कोई नहीं था। मंगलवार को पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार कृपाशंकर राठौर ने उसे खिड़की खुली होने और घर में चोरी होने की खबर दी, इधर घर में चोरी की खबर मिलते ही लोकेश आनन-फानन में घर लौटा तो कमरे में रखा सामान बिखरा था। वहीं अलमारी खुली थी। उसने अलमारी में रखे सामान की जांच की तो उसमें सोने की इयर रिंग, सोने की चैन, 10 हजार रुपए सहित 50 हजार का सामान गायब था। वारदात के बाद लोकेश थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पीएचई ने नहीं सुधारा हेंडपंप तो लोगों ने चंदा कर ठीक किया

**पंतोरा।** पंचायत के सड़कपारा स्थित डाबरी तालाब के समीप हैंडपंप लगभग तीन महीने से खराब पड़ा है, लेकिन पंचायत ने उस हैंडपंप को ठीक नहीं कराया तो गांव के सत्यनारायण यादव ने अपने साथी के साथ मिलकर हैंडपंप को बना भी दिया। इधर पंचायत के फंड से बीते तीन सालों में 7 लाख 10 हजार 920 रुपए बोर हैंडपंप मरम्मत और सामग्री कार्य के नाम से निकाले जा चुके हैं, जिसका जमीनी स्तर पर कार्य नहीं दिख रहा है और मरम्मत करते हुए एक ही फोटो को लगभग 10 से 12 बार ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्शा दिया गया है।



## भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर

**चांपा।** नगर में नगर निकाय चुनाव को लेकर माहौल गरमा गया है। जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों ने अपने प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कर दिए हैं और जोर-शोर से प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं।

भाजपा की ओर से प्रदीप नामदेव अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं, जबकि कांग्रेस ने राजेश अग्रवाल को मैदान में उतारा है। दोनों ही उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों नेताओं ने अपने पिछले कार्यकाल में नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिन्हें जनता आज भी सराहती है।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप नामदेव का कहना है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के कारण चांपा नगर के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में किए गए चहुमुखी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए जनता से समर्थन मांगा है। उनके अनुसार, उनकी अगुवाई में चांपा को एक नई पहचान मिली थी और वह इसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी राजेश अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की थीं, जिससे जनता को लाभ मिला। उनके अनुसार, नगर की जनता उनके विकास कार्यों को आज भी याद करती है और इस बार भी उनका समर्थन करेगी।

दोनों ही प्रत्याशी मिलनसार, सरल और सामाजिक संगठनों के बीच अच्छी पैठ रखने वाले नेता माने जाते हैं। ऐसे में नगर की जनता दोनों को पसंद कर रही है, जिससे मुकाबला और रोमांचक हो गया है।अब देखना यह होगा कि जनता किसे अपना नगर प्रमुख बनाती है। चुनावी नतीजों के लिए सभी की निगाहें मतदान के दिन और मतगणना पर टिकी हुई हैं।

## अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भीमन थवाईत, उपाध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल एवं सचिव बने प्रहलाद राठौर

### द्विवर्षीय नई कार्यकारिणी के गठन के लिए निर्वाचन में अधिवक्ताओं का दिखा उत्साह ...



**जांजगीर चाम्पा।** अधिवक्ता संघ चाम्पा की नई कार्यकारिणी के गठन में प्रमुख पद अध्यक्ष, के लिए बुधवार दिनाँक 22/01/2025 को अधिवक्ता कक्ष न्यायालय परिसर चाम्पा में निर्विवाद शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न हुआ। सशक्त व मजबूत कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में शामिल होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

नई कार्यकारिणी में अधिवक्ता भीमन थवाईत ने अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए ।श्री थवाईत ने इस बार अप्रत्याशित तरीके से 13 मतों से जीत हासिल कर अध्यक्ष बने। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूर्व अध्यक्ष रहे अधिवक्ता डी डी राठौर रहे। अधिवक्ता भीमन थवाईत को कुल 38 मत मिले तो वही अधिवक्ता डी डी राठौर को 25 मत मिले। वहीं तीसरे स्थान पर अधिवक्ता महावीर सोनी को 05 मत मिले वही निरस्त मत 02 रहे ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता जितेन्द्र जायसवाल महिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता सुश्री शालिनी सोनी सचिव अधिवक्ता प्रहलाद राठौर सह सचिव उत्तम यादव अधिवक्ता सांस्कृतिक सचिव अनिल महार अधिवक्ता ग्रंथालय सचिव हिरामन कुर्मी अधिवक्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए तो वही कार्यकारिणी सदस्य के लिए अधिवक्ता सत्यनारायण देवांगन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया शेष कार्यकारिणी का मनोनयन कार्यकारिणी बैठक में की जावेगी ।चुनाव पूरी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचित कार्यकारिणी ने पूरी निष्ठा, लगन,पक्षपात के बगैर अधिवक्ता हित में सौंपे गए कार्यदायित्वों का निर्वहन करने,आवश्यक निर्णय लेने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता संतोष कुमार सोनी ,सहायक निर्वाचन अधिकारी अमर नाथ श्रीवास के नेतृत्व में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न हुआ।

## बकाया मांगने पर मारपीट की, अपराध दर्ज

**जांजगीर।** खेती के लिए खाद-बीज उधार में खरीदने के दो साल बाद भी किसान ने दुकान संचालक को रकम नहीं लौटाई। उधार की रकम मांगने पर किसान के परिवार और दुकान संचालक के बीच झगड़ा हो गया।

एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट भी की। इधर वारदात के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर 4 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बहेराडीह निवासी तुलेश्वर चंद्रा जैजैपुर में एकता ट्रेडर्स कृषि सेवा केंद्र के नाम से दुकान का संचालन करता है। लगभग 2 साले पहले गांव के हीराराम हरवंश ने उसके दुकान से खेतों में छिड़कने के लिए उधार में दवा खरीदी ली।

लगभग दो साल बाद 28 जनवरी को तुलेश्वर दवा बिक्री की रकम मांगने हीराराम के घर पहुंचा, लेकिन हीराराम घर पर नहीं मिला। उधार की रकम की बात को लेकर हीराराम हरंवश के बेटे प्रदीप हरवंश, बुद्धेश्वर हरवंश से तुलेश्वर का झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष के लोगों एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। वारदात के बाद दोनों पक्ष के ?लोग थाना पहुंचे और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में प्रार्थी तुलेश्वर चंद्रा की रिपोर्ट पर मामले में प्रदीप, बुद्धेश्वर, चन्द्रिका बाई की रिपोर्ट पर तुलेश्वर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## दादीजी को चढ़ाएंगे 1300 भोग प्रसाद

**जांजगीर।** श्री नारायणी सेवा समिति के तत्वावधान में नारायणी धाम दादी मंदिर का दूसरा वार्षिक उत्सव एक और दो फरवरी को मनाया जाएगा। राणी सती दादीजी के साथ-साथ बारह सतियों सहित आलौकिक अखंड ज्योत मंदिर, बालाजी महाराज मंदिर और शिव पार्वती परिवार के मन्दिर स्थित है। यहां बसंत पंचमी को विशाल उत्सव मनाया जाएगा। पहली बार दादीजी को 1300 भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा। दादीजी को अभी तक 56 भोग लगाया जाता था। भोग लगाने के लिए शोभा मित्तल से संपर्क किया जा सकता है। तय कार्यक्रम के अनुसार 1 फरवरी की सुबह 8 बजे राणी सती दादीजी सहित बारह-मंड, शिव परिवार व श्री बालाजी महाराज का श्रृंगार किया जाएगा। 11 बजे दुद्धा अभिषेक, निशान अर्पण दोपहर 3 बजे होगा। मेहंदी संग चुनड़ी उत्सव शाम 5 बजे शुरू होगा, इसमें आमंत्रित कलाकारों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। रात 8.30 बजे से 10 बजे तक दादी की रसोई शुरू होगी।



## करंट लगने से विद्यार्थी की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के बलौदा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जय भारत स्कूल में पढ़ने वाले 17 वर्षीय छात्र हिमेश पटेल की 11 केवी हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण मौत हो गई। मृतक का शव पड़ोसी के घर की छत पर मिला, जिसके शरीर पर जलने के गंभीर निशान पाए गए।



गांव बोकरेल का रहने वाला हिमेश स्कूल के पास एक किराए के मकान में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को जब परिजनों ने उससे बात करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद मिला। चिंतित परिजनों ने उसके दोस्तों से संपर्क किया। एक दोस्त किराए के मकान पर गया, लेकिन वहां ताला लगा हुआ था। आस-पास की तलाश के बावजूद हिमेश का कहीं पता नहीं चला।

**बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत की आशंका**

बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव के अनुसार, हिमेश की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। बुधवार को उसका शव पड़ोसी की छत पर मिला। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि छत से गुजर रही 11 केवी की बिजली लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## बेटे ने पिता से की मारपीट

**जांजगीर।** युवक ने अपने पिता से शराब के लिए रुपए मांगा। मगर पिता ने रुपए देने से इनकार कर दिया। रुपए नहीं मिलने से नाराज युवक ने अपने पिता सहित मां और बहन के साथ मारपीट की। इधर वारदात के बाद पिता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत कर्रा निवासी ग्रामीण रामाधार कश्यप परिवार के साथ घर पर था। इसी बीच उसका बेटा प्रेमसागर घर पहुंचा। रामाधार से शराब के लिए रुपए मांगे। रामाधार ने मना कर दिया। इससे प्रेमसागर गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर प्रेमसागर ने पिता के साथ मारपीट की। इसी बीच रामाधार की पत्नी शांति और बेटी भी बीच बचाव करने पहुंची। प्रेमसागर उनके साथ भी मारपीट की।

## सड़कों पर फैला दूषित पानी, जिम्मेदार बेखबर

**पंतोरा।** पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 15 के बीच नालियों का दूषित पानी सड़क पर बह रहा है, जिसको ठीक करने पर सचिव ध्यान नहीं दे रहा। नालियों में गंदगी के वजह से कीड़े उत्पन्न हो रहे है और उससे बदबू आ रही है। नालियों के पास ही हैंडपंप है, जिसका दो सरपंच बदलने के बाद भी निराकरण नहीं हो पाया। गहराई कम होने से हैंडपंप में पानी का समस्या बनी रहती है।



## शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने पुलिस तैयार

**सक्ती।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। सक्ती पुलिस के समस्त थाना और चौकी के पुलिस कर्मी सक्ती क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा देर रात तक चाय दुकान, होटल, ढाबा खुले रखने वाले संचालकों को हिदायत देकर रात्रि 10 बजे तक बंद कराया जा रहा है। संदिग्ध प्रवृत्ति व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर सतत निगाह रखी जा रही है।

## प्रायमरी और मिडिल की परीक्षा एक साथ होगी जिले में

**सक्ती।** इस वर्ष से 5 वीं और 8 वीं की जिला स्तरीय एकीकृत परीक्षा प्रणाली के माध्यम से मुख्य परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एनके चंद्रा ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की बैठक बुलाकर प्रश्न पत्र निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के योजना अनुसार बच्चों में रटकर उत्तर देने वाले प्रश्नों के स्थान पर मौलिक सोच और अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के वाले प्रश्नों का समावेश किया। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुरुप प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा में विषय के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ मौलिक ज्ञान, पूर्व कक्षा के पढ़े गए विषय ज्ञान व दैनिक जीवन के अनुभव का लाभ मिल सके। प्रत्येक प्रश्न को किसी ना किसी दक्षता से जोड़कर तैयार किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति को दूर की जा सके। प्रत्येक पाठ से सीखने पर आधारित लर्निंग आउटकम को ध्यान में रख कर वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का संकलन कर प्रश्न पत्र निर्माण किए जाने और विद्यार्थियों के पूर्वाभ्यास के लिए अलग से प्रश्न बैंक संकलन करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए। इस बैठक में सक्ती विकासखंड शिक्षा अधिकारी केपी राठौर, शिक्षा गुणवत्ता अभियान के सदस्य कमलादपी गवेल, सुरेश कुमार जायसवाल सहित जिले के चारों विकासखंड से विषय विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित रहे।



## झंडा नहीं फहराने पर 13 विभाग को नोटिस

**पेण्ड्रा।** जीपीएम जिले के संयुक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झण्डा नहीं फहराने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने 13 जिला स्तर के विभाग प्रमुख अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। बता दें कि जीपीएम जिले के संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर झंडा नहीं फहराया। इसकी शिकायत मिलते ही जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने इन अधिकारियों की लापरवाही को बहुत गंभीरता से लेते हुए इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

संयुक्त जिला कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा नहीं फहराने वाले जीपीएम जिले के जिन अधिकारियों को कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस दिया गया है, उनमें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, जिला परिवहन अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, महा प्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग केंद्र, श्रम अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जिला योजना व सांख्यिकी अधिकारी, जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास निगम, जिला प्रभारी क्रेडा विभाग व उप संचालक जिला रोजगार व स्वरोजगार केंद्र शामिल हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.अजय तिर्की करोड़पति, 8 करोड़ का कर्ज भी

**अंबिकापुर में भाजपा कैंडिडेट मंजूषा भगत ने 40 लाख रुपए घोषित की परिवार की संपत्ति**

**सरगुजा।** अंबिकापुर नगर निगम के महापौर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की करोड़पति हैं। नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए गए शपथ पत्र में डॉ. अजय तिर्की ने स्वयं और परिवार को मिलाकर 22 करोड़ की संपत्ति घोषित की है।? वहीं भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत ने स्वयं के पास बैंक में जमा राशि और नकदी मिला कर 2.65 लाख रुपए, 2 लाख रुपए का जेवरात होना बताया है। मंजूषा भगत ने परिवार की कुल संपत्ति 40 लाख घोषित की है।

अंबिकापुर नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी सहित वार्ड पार्षद प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल किया। नामांकन के साथ सभी प्रत्याशियों ने शपथ पत्र जमा कर संपत्ति घोषित की है।

**अजय तिर्की तीसरी बार मैदान में**

नगर निगम अंबिकापुर के महापौर प्रत्याशी डॉ.अजय तिर्की सरकारी नौकरी छोड़ कर राजनीति में आए हैं। उन्होंने सालों तक रामानुजगंज बीएमओ और अंबिकापुर जिला अस्पताल में अस्थि रोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ रहे। लगातार दो बार अंबिकापुर के महापौर रहे डॉ तिर्की तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। वे संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक भी हैं।

डॉ. अजय तिर्की ने शपथ पत्र में स्वयं के पास एक लाख 25 हजार रुपए नकद, बैंक खातों में 18 लाख 60 हजार रुपए जमा बताया है। अचल संपत्ति में डॉ. तिर्की के नाम पर 80 लाख रुपए से अधिक कीमत की कृषि भूमि, अंबिकापुर में 92 लाख 60 हजार रुपए की भूमि, फुंदुरडिहारी में 17 लाख 96 हजार की भूमि और 4 करोड़ रुपए का मकान घोषित किया है।



डॉ. अजय तिर्की ने नमनाकला में 10 करोड़ 98 लाख रुपए की जमीन होना बताया है। कुल अचल संपत्ति का मूल्य 16 करोड़ 88 लाख रुपए बताया गया है। डॉ. तिर्की के पास फोर्ड इंडिवर वाहन है। डॉ. तिर्की की पत्नी और बच्चों के नाम पर अच-अचल संपत्ति नहीं है।

डॉ अजय तिर्की की देनदारी में 8 करोड़ रुपए की राशि बैंकों का बकाया है। यह राशि उन्होंने हॉस्पिटल निर्माण के लिए बैंक से लोन में लिया था। उन्हें बैंकों को 7 करोड़ 97 लाख रुपए अदा करना शेष है। डॉ. तिर्की के नाम पर कोई स्त्रद्धक्र दर्ज नहीं है और न ही कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत ने स्वयं की संपत्ति 21 लाख रुपए और करीब 20 लाख रुपए पति की संपत्ति घोषित की है। मंजूषा भगत के पास नकदी रकम ढाई लाख रुपए है। बैंक खातों में 15 हार 680 रुपए जमा हैं। करीब 2 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर हैं। उनके नाम पर पटपरिया में कृषि भूमि है, जिसकी कीमत 18 लाख 56 हजार रुपए बताई गई है।

मंजूषा भगत के पति के बैंक खाते में 19 लाख 33 हजार रुपए जमा हैं। इसके अलावे पति या खुद के नाम पर कोई आवासीय भूमि और न ही बैंक लोन है। मंजूषा भगत के पास स्वयं की चारपहिया वाहन भी नहीं है।

मंजूषा भगत ने शपथ पत्र में स्वयं की शिक्षा बारहवीं बताई है। भाजपा कार्यालय द्वारा जारी प्रोफाइल में उनकी शिक्षा बीए, एलएलबी बताया गया है। मंजूषा भगत ने एलएलबी पूरा नहीं किया है। मार्कशीट की अनुपलब्धता के कारण संभवत: उन्होंने स्नातक डिग्री शपथ पत्र में नहीं लिखा है।

डॉ. अजय तिर्की ने दिसंबर 2023 में रामानुजगंज से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपनी संपत्ति 21 करोड़ 97 लाख रुपए घोषित की थी। एक वर्ष बाद उन्होंने कुल संपत्ति 22 करोड़ रुपए घोषित की है। विधानसभा चुनाव के दौरान बैंक बकाया 8 करोड़ 25 लाख रुपए बताया गया था जो अब घटकर 7 करोड़ 97 लाख रुपए हो गया है।

## बादलों ने शीतलहरों पर लगाया ब्रेक, ठिठुराती ठंड से राहत

**अंबिकापुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद शीतलहरों पर ब्रेक लग गया है। इससे न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले चार दिनों से सरगुजा एवं कोरिया कुछ इलाकों में पाले पड़ रहे थे। पिछले 24 घंटों में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री जर्द किया गया है। अधिकतम तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री पहुंच गया है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों में जहां मौसम गर्म हो गया है, वहीं सरगुजा संभाग में शीतलहरों के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। इस दौरान बलरामपुर जिला सर्वाधिक ठंड रहा एवं न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक गिर गया था। बलरामपुर के मैदानी इलाकों के साथ कोरिया के सोनहत क्षेत्र में पाले भी पड़ रहे थे। शीतलहरों पर ब्रेक के बाद कड़ाके की ठंड से राहत मिलने लगी है।

## अनमोल वचन......

**प्रेम के आँसू दुःख नहीं पहुँचाते, वे तो मोती बन जाते हैं।**

# दोनों देशों के बीच सहयोग की भावना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ आगामी वॉशिंगटन यात्रा महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों, रक्षा साजोसामान की खरीदारी और फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप पर बातचीत की दिशा स्पष्ट की है। दोनों देशों के बीच सहयोग की भावना उभर रही है, जिससे सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद जिस तरह से खुद ट्रंप ने पीएम मोदी के अगले महीने वॉशिंगटन आने की घोषणा की, उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। कहीं न कहीं इससे इस संभावित यात्रा की अहमियत रेखांकित होती है। अच्छी बात यह भी है कि ट्रंप के खुलेपन के चलते द्विपक्षीय रिश्तों के अगले दौर को लेकर होने वाली बातचीत का अजेंडा काफी हद तक स्पष्ट हो गया है।ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है औरसही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है।

इसलिए इस पर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति है। यानी अब व्यावहारिक पहलुओं पर ही कुछ स्पष्टता लाने की जरूरत होगी। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि वह चाहते हैं भारत अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए। फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने पर भी उनका जोर है। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने चीन और ब्राजील के साथ ही भारत का नाम लेते हुए टैरिफ लगाने की धमकी दी। अगर ट्रंप की अपनी खास शैली से अलग हटकर देखें तो ये सभी ऐसे मसले हैं, जिन पर पॉजिटिव नजरिए से बातचीत के जरिए सहमति बनाना मुश्किल नहीं होगा। ट्रंप की बातों से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देश एक-दूसरे के सहयोग की जरूरत को महसूस करते हैं। अगर ट्रंप चाहते हैं कि भारत, अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए तो जाहिर है कि उससे होने वाले फायदे उनकी नजरों से छुपे हुए नहीं हैं। भारत ने भी फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने और खरीद बढ़ाने को लेकर खुलापन दिखाया है। ये संकेत काफी पॉजिटिव हैं। खुद ट्रंप भी यह समझते हैं और उन्होंने कहा भी है कि हर देश ये बातें अपने राष्ट्रहित के आधार पर ही तय करता है। साफ है कि आने वाले दिनों में दोनों पक्षों की बातचीत काफी महत्वपूर्ण होगी। इस बातचीत से पॉजिटिव नतीजों की उम्मीद ना करने की कोई वजह नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा।

**वृष राशिः**आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जाएगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए पॉज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज किसी उलझन से आपको छुटकारा मिलेगा, दोस्त आपको बेहतर सलाह देंगे। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे।

**तुला राशिः**आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की [ ालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की [ ालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते बेहतर रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

//प्रह्लाद सबनानी//

**विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।**



इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है। विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है।

पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है। पिछले कुछ समय से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम हो रहा है। यह सितम्बर 2020 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत था जो अब गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस विषय पर भी गम्भीरता से विचार किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2019 के बजट में कोरपोरेट कर की दरों में कमी की घोषणा की गई थी, जिसका बहुत अच्छा प्रभाव विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर पड़ा था और सितम्बर 2020 में तो यह बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अब एक बार पुनः इस बजट में कोरपोरेट कर में कमी करने पर भी विचार किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। हां, साथ में तकनीकी आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर भी हमारे उद्योगों को हमें प्रतिस्पर्धी बनाना है। ग्रामीण इलाकों में आज भी भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी निवास करती है अतः कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर एवं लघु उद्योगों पर अधिक ध्यान इस बजट के माध्यम से दिया जाएगा, ताकि रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और नागरिकों के शहर की ओर हो रहे पलायन को रोका जा सके।

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

//उमेश चतुर्वेदी//

**घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ।**

इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय़ यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है।2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है। घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं। पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है। गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान मौनी अमावस्या पर भगदड़ के बाद संगम पर फंसे श्रद्धालु।



चेन्नई के पलवक्कम समुद्र तट पर लुप्तप्राय समुद्री कछुओं के शव मछली पकड़ने के जाल के अवशेषों में उलझे हुए पड़े हैं।



बेंगलुरु में जेडीएस कार्यालय के पास जकरयाना केरे के पास खड़ी जब्त गाड़ियों में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मी काम कर रहे हैं।




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन देखते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए करतार नगर में एक जनसभा में शामिल हुए।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम पर मची भगदड़ के बाद पुलिसकर्मी एक बच्चे की मदद करते हुए और भीड़ को नियंत्रित करते हुए ।

# केजरीवाल के खिलाफ अदालत में केस दायर, 17 फरवरी को पेश होने का नोटिस

**सोनीपत, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

हरियाणा के रास्ते दिल्ली जाने वाले यमुना नदी के पानी में जहर मिलाने संबंधी अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 2-डी और 54 के तहत दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध सोनीपत के सीजेएम नेहा गोयल की अदालत में केस दायर किया है।कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय करते हुए केजरीवाल को पेश होने का नोटिस जारी किया है। वाटर सर्विस डिविजन राई के कार्यकारी अभियंता आशीष कौशिक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उनके विरुद्ध क्रिमिनल धाराओं में भी केस दायर किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 2-डी में आपदा को परिभाषित किया गया है, जबकि धारा 54 के तहत झूठी चेतावनी जारी करने पर सजा का प्रविधान है। कोई व्यक्ति ऐसे मामलों में झूठी अफवाह फैलाता है, तो उसे एक साल तक जेल या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। संबंधित व्यक्ति की वजह से किसी दूसरे को नुकसान होता है तो आरोपित को दो साल तक सजा का प्रविधान आपदा प्रबंधन अधिनियम में है।डीगढ़ में विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। इस प्रकार के घटिया और गैरजिम्मेदाराना बयान के लिए चुनाव आयोग भी केजरीवाल के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेगा। हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर



केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। उनके विरुद्ध हरियाणा सरकार कानूनी कार्रवाई कर रही है।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है, वही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी पीते हैं। केजरीवाल ने यह बयान देकर दिल्ली ही नहीं, हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है। दिल्ली सरकार यमुना को स्वच्छ बनाने में पूरी तरह विफल रही है। चुनाव में अपनी साख बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता पर शर्मनाक और निराधार आरोप लगाए हैं। हरियाणा की जनता यमुना नदी को आराध्य मानती है। इस प्रकार का मिथ्या प्रचार ना केवल हरियाणा का अपमान है, बल्कि दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की साजिश भी है। विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने तथाकथित 'जहरीले पानी' को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया। लेकिन उनके पास इस दावे का कोई सबूत नहीं है। केजरीवाल के पास हरियाणा द्वारा पानी में जहर मिलाने और दिल्ली सरकार द्वारा उसे रोक देने का कोई प्रमाण नहीं है। यह प्रमाण उनसे केंद्रीय चुनाव आयोग ने भी मांगे हैं। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए झूठ बोलना अरविंद केजरीवाल की पुरानी आदत है।मंत्री ने बताया कि दिल्ली के 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से केवल 17 ही चालू हैं।

यह दिल्ली सरकार की अक्षमता और यमुना नदी की दुर्दशा के लिए उनकी गैरजिम्मेदारी को दिखाता है। दिल्ली सरकार के इस कुप्रबंधन से ना केवल दिल्ली के लोग, बल्कि हरियाणा के फरीदाबाद, पलवल, सोनीपत और नूंह जिलों के लोग भी प्रभावित हो रहे हैं।आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अदालत में केस दायर करने पर अदालत मामले की सुनवाई करेगी और फैसला सुनाएगी। आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों में अदालत में रिट याचिका दायर करने का प्रविधान है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में 11 अध्याय और 79 धाराएं हैं। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) का गठन किया गया है।एनडीएमए की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं और एसडीएमए की अध्यक्षता संबंधित मुख्यमंत्री करते हैं। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 2-डी में आपदा को परिभाषित किया गया है, जबकि धारा 54 के तहत झूठी चेतावनी जारी करने पर सजा का प्रविधान है। इस धारा के तहत आपदा या उसकी गंभीरता के बारे में झूठी चेतावनी देने पर सजा का प्रविधान है।

## आर्टिफिशियल नहीं बल्कि अपनी बुद्धि से इस्तेमाल करो चैटजीपीटी, मुकेश अंबानी ने युवा छात्रों को दिया सुझाव



**नईदिल्ली, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े नए-नए अपडेट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने छात्रों को बड़ी सलाह दी है। उन्होंने कहा, अगर बात करें एआई की तो मेरे पास हमारे युवा छात्रों के लिए एक सुझाव है। आपको एक टूल की तरह एआई का इस्तेमाल करने में अच्छा होना चाहिए, लेकिन आपको खुद की गंभीर सोच नहीं खत्म करनी चाहिए। चैटजीपीटी का जरूरत से इस्तेमाल करो, लेकिन याद रखो आर्टिफिशियल बुद्धि से नहीं खुद की बुद्धि से। हम आगे बढ़ेंगे और आप आगे बढ़ सकते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह बात पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा, एआई आधारित चैटजीपीटी जैसे टूल, इंसान की अपनी असल सोच का पर्याय नहीं हैं। हमारा देश हमारे लोगों की खुद की बुद्ध से तरक्की करेगा, एआई से नहीं। तेजी से बेहतर होती तकनीक के इस वक्त में लगातार सीखते रहने की इच्छा एक विकल्प नहीं है, यह बने रहने और सफल होने के लिए जरूरी है। इसलिए उत्सुकता को अपनाइए और कभी भी सीखना मत बंद कीजिए। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा और दुनिया की कोई ताकत भारत की इस तरक्की का रास्ता नहीं रोक सकती। लेकिन अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के पास भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। इस सदी के अंत तक भारत दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध राष्ट्र बनेगा, लेकिन इस तरक्की से हमारे ग्रह को खतरा नहीं होना चाहिए और जलवायु संकट और ज्यादा गंभीर नहीं होना चाहिए। इसलिए जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया तेज करनी होगी।

# हमास अब तीन इजरायली व पांच थाई बंधकों को छोड़ेगा, युद्धविराम समझौते के तहत आज होगी रिहाई

**यरूशलम, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

इजरायल के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि हमास अब तीन इजरायली और पांच थाई नागरिकों को मुक्त करेगा। गाजा में बंधक बनाकर रखे गए इन लोगों की रिहाई गुरुवार को होगी।बता दें कि इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की रिहाई हो रही है। इससे पहले 25 जनवरी को हमास ने चार इजरायली महिला बंधकों को रिहा किया था। जबकि 19 जनवरी को तीन इजरायली महिला को मुक्त किया था। इन बंधकों के बदले इजरायल करीब 300 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर चुका है। इजरायली अधिकारी के अनुसार, रिहा होने वाले तीन इजरायली बंधकों में दो महिलाएं 29 वर्षीय अर्बेल येहुद और 19 वर्षीय अगम बर्गर और 80 वर्षीय पुरुष गादी मोजेस शामिल हैं। हालांकि उन्होंने थाइलैंड के नागरिकों के नाम



नहीं बताए। हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल में बड़े पैमाने पर हमला किया था, जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे। लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। उसी समय से इजरायल ने गाजा में हमास के सफाए सैन्य अभियान चला रखा था। इसमें 47 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए।15 महीने की लड़ाई के बाद यह समझौता हुआ है। इसी समझौते के तहत इजरायल की ओर से 15 महीने बाद फलस्तीनी नागरिकों को उत्तरी गाजा की ओर लौटने की अनुमति मिली है। हजारों लोग इस क्षेत्र में लौट चुके हैं, लेकिन उनकी खुशी निराशा में बदल रही है।

बमबारी में उनके घर तबाह हो गए हैं, जो रहने लायक नहीं हैं। इधर, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में मंगलवार रात और बुधवार को इजराइली गोलीबारी में दो फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।सीरिया में बशर अल-असद के पतन के बाद दक्षिणी सीरिया में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र पर कब्जा करने वाली इजरायल की सेना माउंट हरमोन पर अनिश्चित काल तक तैनात रहेगी। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने मंगलवार को इस इलाके के दौरे के बाद यह बात कही। काट्स ने कहा कि इजरायल शत्रुतापूर्ण ताकतों को दक्षिणी सीरिया में स्थापित होने की अनुमति नहीं देगा। सीरिया-लेबनान सीमा पर माउंट हरमोन स्थित है, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

## असम में सनसनीखेज वारदात...हाथ पैर बांधकर महिला के साथ बच्चों के सामने दुष्कर्म, बाद में तेजाब से जलाया



**सिलचर, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

असम के कछार जिलें में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक महिला के साथ बर्बरता की हदें पार कर दी गईं। पुलिस ने बताया कि कछार में एक 28 वर्षीय ड्राइवर ने अपने पड़ोसी के घर में घुसकर 30 वर्षीय महिला के साथ उसके दो बच्चों के सामने पहले दुष्कर्म किया और भागने से पहले उसके शरीर पर एसिड जैसा रासायनिक पदार्थ डाल दिया, जिससे महिला झुलस गई।पुलिस ने कहा कि यह घटना 22 जनवरी को हुई थी। उन्होंने बताया कि यह भयावह घटना असम के कछार जिले के धोलाई पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। महिला सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएमसीएच) में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। महिला के उसके सबसे बड़े बच्चे छह वर्षीय लड़के ने पुलिस को घटना के बारे में बताया। महिला के पति घटना के समय घर पर नहीं थे। उन्होंने कहा कि मेरे दो बच्चों ने पूरी यातना देखी और वे भी सदमे में हैं। उन्होंने बुधवार को मामले का विवरण साझा करते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी के लिए न्याय चाहते हैं और उस व्यक्ति की गिरफ्तारी चाहते हैं जिसने उनका जीवन नष्ट कर दिया। महिला पति ने कहा कि 21 जनवरी की शाम को संदिग्ध ने महिला से छेड़खानी करने की कोशिश की थी, उसकी पत्नी ने संदिग्ध को नजरअंदाज कर दिया था। आगे महिला के पति ने कहा कि जब वह घर से बाहर था तो वह जबरदस्ती उनके घर में घुस आया और उससे पत्नी को अपना फोन नंबर देने के लिए कहा। उसने साफ मना कर दिया और उसे चले जाने को कहा। इसके बाद संदिग्ध चला गया, लेकिन उसने उसे नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी।22 जनवरी को, जब पति घर लौटा, तो उसने अपनी पत्नी को फर्श पर देखा, उसका मुंह, हाथ और पैर बंधे हुए थे और उसके शरीर पर एसिड जैसा पदार्थ था। महिला के पति ने कहा कि हम पत्नी को पास के सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने हमें उसे एसएमसीएच ले जाने के लिए कहा। हमने पुलिस को फोन किया लेकिन उन्होंने हमें अगले दिन पुलिस स्टेशन जाने के लिए कहा।

# एनएच-2 पर महाजाम... यूपी से सटे बिहार के 3 जिलों में लगी गाड़ियों की कतार, दोनों लेन पैक, घंटों भोजन-पानी को तरसे यात्री



**पटना, 30 जनवरी [एजेंसी]।**

कोलकाता-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर 48 घंटे से महाजाम की स्थिति है। इससे उत्तर प्रदेश (यूपी) से सटे कैमूर, रोहतास तथा औरंगाबाद जिले बुरी तरह प्रभावित हैं। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के लिए प्रयागराज में जुटी भारी भीड़ के कारण यूपी प्रशासन ने बिहार के कैमूर से चंदौली में किसी भी वाहन के प्रवेश पर रोक लगा दी है। यह देखते हुए जीटी रोड से जुड़े तीनों जिले की पुलिस पहले शहरी क्षेत्र के पहले ही वाहनों को सड़क किनारे खड़े कराने लगी, यह देख कई वाहन उलटे लेन में घुस गए, जिससे देखते-देखते जीटी रोड के आने-जाने वाले दोनों लेन पर वाहनों की कई कतार लग गई। कई स्थानों पर बाइक निकलने तक की जगह नहीं बची है। इस महाजाम में अमृत स्नान में शामिल होने जा रहे बंगाल, झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों के हजारों श्रद्धालु फंसे हैं।बताया गया कि प्रयागराज से मौनी अमावस्या स्नान के बाद श्रद्धालुओं के लौटने के बाद ही चंदौली से वाहनों के प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद ही स्थिति सामान्य होगी।कैमूर प्रशासन के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि गुरुवार की शाम तक ही यूपी में वाहनों के प्रवेश की अनुमति मिलने की संभावना है। तबतक जो जहां हैं, वहीं रहें तो बेहतर।नेशनल हाइवे पेट्रोलिंग के पदाधिकारी रामाशीष सिंह ने बताया कि प्रयागराज से वाराणसी मोहनिया, डेहरी, औरंगाबाद, शेरघाटी तक जाम की समस्या है।प्रयागराज जाने और लौट रहे श्रद्धालुओं के वाहनों के अधिक परिचालन से यह स्थिति बनी है। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते खोले जा रहे हैं। बड़े वाहनों को सड़क किनारे रोका गयाबताया कि सरकार के आदेशानुसार बड़े वाहनों को सड़क किनारे रोका गया है। छोटे वाहनों को पास कराया जा रहा है। यह स्थिति बसंत पंचमी तक रहेगी। बारुण के सोन पुल पर जाम से आम यात्री, महाकुंभ स्नान को जाने और लौटने वाले यात्री परेशान हैं। यात्री भोजन, पानी और शौचालय के लिए तड़प रहे हैं। पूरी रात कड़ाके की ठंड और कुहासे में वाहनों में बैठकर बिताई।जाम में कई स्कूल वाहन और एंबुलेंस भी फंस गई। जिन्हें पुलिस ने किसी तरह निकाला। कई यात्री वाहन छोड़ पैदल गंतव्य की ओर जाते दिखे।प्रयागराज से लौट रहे गया के गुरुआ थाना क्षेत्र के बर्मा गांव निवासी वर्तमान हजारीबाग के अजय कुमार ने बताया कि डेहरी से औरंगाबाद 26 किमी की दूरी तय करने में लगभग 14 घंटे का समय लगा। कैमूर के दुर्गावती के संवाददाता के अनुसार यूपी सीमा पर सभी वाहनों को रोक दिया जा रहा है। इससे जाम की स्थिति गंभीर हो गई है। बिहार में खजुरा बार्डर से धनेछा गांव तक पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है।

## महाकुंभ हादसे के बाद एक्शन में आए सीएम योगी अधिकारियों के साथ की हाई लेवल बैठक के दिए ये निर्देश

**महाकुंभनगर।** मौनी अमावस्या के मौके पर बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीजी और जिलाधिकारी प्रयागराज से अपडेट जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगातार सतर्कता-सावधानी बनाये रखने के निर्देश दिए। बैठक में प्रयागराज, कौशाम्बी, वाराणसी, अयोध्या मीरजापुर, बस्ती, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा अंबेडकरनगर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, भदोही, रायबरेली, गोरखपुर आदि जनपद, जोन व रेंज में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे।मुख्यमंत्री ने अयोध्या, वाराणसी, मीरजापुर और चित्रकूट के अधिकारियों से वहां विभिन्न क्षेत्रों से आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत किये गए प्रबंध की जानकारी ली। इसी प्रकार, प्रयागराज से सीमा साझा करने वाले सभी जिलों के अधिकारियों लगातार प्रयागराज प्रशासन से संपर्क-समन्वय बनाने रखने के निर्देश दिए। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति है। यह वो श्रद्धालु हैं जो अब स्नान करके अपने घर लौट रहे हैं। एडीजी और जिलाधिकारी प्रयागराज यह सुनिश्चित कराएं कि एक-एक श्रद्धालु सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाए। इसके लिए रेलवे से संपर्क-समन्वय बनाकर ट्रेनों का लगातार संचालन सुनिश्चित कराया जाए। परिवहन निगम की अतिरिक्त बसें भी लगाई जाएं।मेला क्षेत्र में भीड़ का दबाव न बने इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं।


## घरेलू कामगारों के अधिकारों की रक्षा के लिए समिति गठित करे केंद्र, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह घरेलू कामगारों का शोषण रोकने और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वर्तमान में ऐसा कोई प्रभावी कानून नहीं है जो देशभर में लाखों घरेलू कामगारों को सुरक्षा प्रदान कर सके।शीर्ष कोर्ट ने कहा कि घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनी सरंक्षण नहीं होने के कारण उन्हें अक्सर कम वेतन, असुरक्षित माहौल और लंबे समय तक काम करना पड़ता है। शीर्ष कोर्ट ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा विधि एवं न्याय मंत्रालय को निर्देश दिया कि वे घरेलू कामगारों के अधिकारों के संरक्षण के वास्ते कानूनी ढांचे के लिए क्षेत्रीय विशेषज्ञों की एक समिति का संयुक्त रूप से गठन करें। पीठ ने कहा कि समिति का गठन केंद्र और संबंधित मंत्रालयों के विवेक पर छोड़ा गया है। यह सराहनीय होगा यदि समिति छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिसके बाद भारत सरकार कानूनी ढांचा प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर विचार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि समिति की रिपोर्ट के बाद प्रगति की निगरानी की जाएगी। यह आदेश डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक अजय मलिक के खिलाफ उनके घरेलू सहायक की गलत कैद और तस्करी के आरोप में दर्ज एक आपराधिक मामले को खारिज करते हुए दिया गया। न्यायालय ने उनके पड़ोसी अशोक कुमार के खिलाफ मामला रद करने के फैसले को भी बरकरार रखा।पीठ ने कहा कि भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण घरेलू कामगारों की मांग बढ़ रही है। हालांकि, यह कार्यबल शोषण और दुर्व्यवहार के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है।

# खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के खिलाफ चल रही 104 मामलों की जांच, एसएफजे पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा

**नईदिल्ली, 30 जनवरी [एजेंसी]।**




दिल्ली हाई कोर्ट के एक प्राधिकरण ने अमेरिका में बसे आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खालिस्तान समर्थक अलगाववादी सिख संगठन (एसएफजे) पर लगे प्रतिबंध पर पांच साल के विस्तार की पुष्टि कर दी है।पन्नू के संगठन की आतंकी गतिविधियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को जान से मारने की धमकी देना भी शामिल है। जस्टिस अनूप कुमार मेंडीरत्ता वाले दिल्ली हाई कोर्ट के प्राधिकरण का गठन दो अगस्त को किया गया था। ताकि एसएफजे को उसकी गैरकानूनी गतिविधियों के लिए और पांच साल के प्रतिबंध की घोषणा की गई थी। प्राधिकरण ने तीन जनवरी को एक आदेश जारी करके पांच साल के इस प्रतिबंध को जारी रखने की पुष्टि की है। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध 10 जुलाई से प्रभावी हो जाएगा। सरकार ने बताया कि एसजेएफ देश के संवैधानिक पदों पर कार्यरत लोगों जैसे प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, विदेश मंत्री, मुख्यमंत्रियों और रॉ प्रमुख को जान से मारने की धमकियां दे रहा था।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल 10 जुलाई को एसएफजे की भारत विरोधी गतिविधियों के लिए और पांच साल के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया था। इस खालिस्तान समर्थक सिख संगठन की भारत विरोधी गतिविधियां वर्ष 1967 से जारी हैं। भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा से पहले खालिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के खिलाफ चल रही जांच की गंभीरता बताई। सरकार द्वारा प्रकाशित एक गजट में कहा गया है गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ पूरे भारत में 104 मामले दर्ज हैं।सरकार द्वारा प्रकाशित एक गजट में कहा गया है कि एसएफजे के खिलाफ पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और असम में 96 मामले दर्ज किए गए हैं। शेष आठ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा की जा रही है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय न्यायाधिकरण ने एसएफजे पर पांच साल के लिए प्रतिबंध की पुष्टि की है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि एसएफजे के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले पंजाब (55) में दर्ज हैं, उसके बाद दिल्ली और हरियाणा (13-13) का नंबर आता है। अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विश्वभर के गणमान्य लोगों सहित भारत से भी अच्छी संख्या में बड़े लोगों को आमंत्रित किया गया। शपथ ग्रहण से पहले और बाद में ट्रंप भारतीयों से बड़ी आत्मीयता से मिले।इससे भारत के लोगों व सरकार को प्रसन्नता हुई, लेकिन उसी कार्यक्रम में एक ऐसा चेहरा भी दिखाई दिया जिसने भारत के मुख का स्वाद कसैला कर दिया है। यह व्यक्ति है आक्रामक भारत-विरोधी संगठन 'सिख्स फार जस्टिस' (एसएफजे) का वकील गुरपतवंत सिंह पन्नू।भारत सरकार यह सोचकर हैरान है कि जब अमेरिका इस बात से पूरी तरह अवगत है कि खालिस्तानी समर्थक पन्नू भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है और भारत उसे लेकर अत्यंत संवेदनशील है तो भी उसे ट्रंप से शपथ ग्रहण समारोह में क्या सोचकर बुलाया गया।

## 8 महीने की सैलरी लो और इस्तीफा दो..., ट्रंप प्रशासन का सरकारी कर्मचारियों को ऑफर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से सरकारी कर्मचारियों के आकार को छोटा करने की कवायद शुरू कर दी गई है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को सभी संघीय कर्मचारियों को करीब आठ महीने का वेतन लेकर नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया है।भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि स्वेच्छा से पद छोड़ने के लिए छह फरवरी तक विकल्प चुनने का मौका मिलेगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि जो कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं, उन्हें पूर्णकालिक रूप से कार्यालयों में लौटना पड़ेगा। ईमेल में कहा गया है कि अगर आप संघीय कार्यबल में वर्तमान भूमिका को जारी नहीं रखना चुनते हैं, तो हम देश के लिए आपकी सेवा के लिए धन्यवाद देंगे और इस इस्तीफा कार्यक्रम का उपयोग कर संघीय सरकार से सम्मानजनक तरीके से नौकरी छोड़ने का अवसर देंगे।अगर आप कार्यक्रम के तहत इस्तीफा देते हैं तो अपने दैनिक कार्यभार की परवाह किए बिना सभी



वेतन और लाभ बरकरार रखेंगे और 30 सितंबर तक सभी कार्य से छूट दी जाएगी।ट्रंप ने सेना से सभी ट्रांसजेंडर सैनिकों को बाहर निकालने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि कि जो कोई भी जेंडर डिस्फोरिया से पीड़ित है, वह सेना में सेवा नहीं कर सकता। कई कार्यकर्ता समूहों ने इस आदेश की निंदा की है। सेना में इनकी संख्या अनुमानतः नौ हजार से 12,000 के बीच है, लेकिन अधिकारियों के लिए उनकी पहचान बेहद मुश्किल होगी। चिकित्सा गोपनीयता कानूनों के कारण जानकारी सीमित है।ट्रंप ने बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलों से बढ़ते खतरों को देखते हुए मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने का आदेश दिया है। कार्यकारी आदेश में इसे इस तरह तैयार करने कहा गया है, जिससे इन खतरों से बचाव हो सके।योजना का एक प्रमुख घटक यह सुनिश्चित करना होगा कि मिसाइल हमले की स्थिति में प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की जा सके।

## आकांक्षा शर्मा 2025 में चार रोमांचक प्रोजेक्ट्स के साथ तेलुगु और हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगी



2025 आकांक्षा शर्मा के लिए एक सफल वर्ष होने वाला है, क्योंकि उभरती हुई स्टार तेलुगु और हिंदी सिनेमा दोनों में अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत करने के लिए तैयार है। चार विविध परियोजनाओं की एक उल्लेखनीय लाइनअप के साथ, आकांक्षा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और उद्योग में सबसे रोमांचक नई प्रतिभाओं में से एक के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए तैयार है। यहाँ उनकी आगामी फ़िल्मों की एक झलक दी गई है-

तेरा यार हूँ मैं- प्रतिभाशाली मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित इस फील-गुड रोमांटिक-कॉमेडी में आकांक्षा रोमांस की दुनिया में कदम रखती हैं। अमन इंद्र कुमार के साथ अभिनीत, यह फिल्म रिश्तों, दोस्ती और प्यार पर एक नया नज़रिया पेश करती है। भावनाओं को हास्य के साथ मिलाने की मिलाप की आदत के साथ, यह फिल्म दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। केसरी वीर- इस पीरियड ड्रामा में आकांक्षा बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों जैसे सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित केसरी वीर दर्शकों को एक महाकाव्य यात्रा पर ले जाएगा, जिसमें आकांक्षा इस एक्शन से भरपूर ड्रामा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो दमदार अभिनय और मनोरंजक कहानी दोनों का वादा करता है। लैला- आकांक्षा की तेलुगु डेब्यू लैला के साथ होने वाली है, जहां वह प्रतिभाशाली विश्वक सेन के साथ अभिनय करेंगी। अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले, इस प्रोजेक्ट में आकांक्षा के साथ विश्वक सेन की जोड़ी निश्चित रूप से तेलुगु फिल्म उद्योग में कुछ रोमांचक लेकर आएगी, जिसमें शानदार केमिस्ट्री के साथ आकर्षक कहानी होगी। बिना शीर्षक वाली एक्शन-कॉमेडी- इन सबसे बढ़कर, आकांक्षा एक एक्शन-कॉमेडी में भी नज़र आएंगी, जिसका निर्देशन एक बार फिर मिलाप जावेरी करेंगे। यह हाई-एनर्जी फ़िल्म एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन सीक्वेंस को हास्य के साथ मिलाएगी, और आकांक्षा की नई प्रतिभा के साथ, यह दर्शकों के लिए एक मनोरंजक सवारी होगी।

# माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग करना चाहिए या नहीं? जानिए इससे जुड़ी जरूरी जानकारी



माइक्रोवेव में प्लास्टिक के उपयोग को लेकर कई मिथक प्रचलित हैं। लोग मानते हैं कि माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

इस धारणा के पीछे की सच्चाई जानना जरूरी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस विषय पर विचार करना अहम है, ताकि हम सही निर्णय ले सकें।

इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई जानने की कोशिश करेंगे और देखेंगे कि क्या वास्तव में माइक्रोवेव में प्लास्टिक का उपयोग नुकसानदायक होता है या नहीं।

सही प्रकार के प्लास्टिक का चयन करें

माइक्रोवेव में सभी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके लिए बीपीए मुक्त और माइक्रोवेव सुरक्षित लेबल वाले विशेष प्रकार के प्लास्टिक कंटेनर ही सुरक्षित रहते हैं।

इन पर ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि ये उच्च तापमान सहन कर सकते हैं और इनमें से कोई हानिकारक रसायन नहीं निकलता। इसलिए, जब भी आप माइक्रोवेव में खाना गर्म करें, सुनिश्चित करें कि आप सही प्रकार के प्लास्टिक का ही चयन कर रहे हों।

तापमान नियंत्रण रखें

माइक्रोवेव में खाना गर्म करते समय तापमान पर ध्यान देना बहुत अहम होता है। अत्यधिक तापमान पर कुछ प्लास्टिक पिघल सकते हैं या उनमें से रसायन निकल सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए हमेशा मध्यम या कम तापमान पर ही खाना गर्म करने की कोशिश करें, ताकि किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सके और आपका भोजन सुरक्षित रहे।

इससे खाना भी खराब नहीं होगा और प्लास्टिक का कंटेनर भी नहीं पिघलेगा।

समय सीमा का पालन करें

खाना गर्म करते वक्त समय सीमा का पालन करना भी जरूरी होता है। लंबे समय तक माइक्रोवेव में रखने से कुछ प्रकार के प्लास्टिक कमजोर हो सकते हैं और उनमें से रसायन निकलने लगते हैं। ये रसायन आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं और बीमारी का कारण बन सकते हैं। इसलिए इस्तेमाल से पहले हमेशा निर्देशों को पढ़ें और निर्धारित समय सीमा तक ही भोजन को गर्म करें, ताकि किसी भी तरह की समस्या न हो।

नियमित रूप से जांचें

कंटेनरों की नियमित जांच करना जरूरी होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षित स्थिति में हैं या नहीं। अगर कोई दरार नजर आए तो कंटेनर को तुरंत बदल दें, क्योंकि इससे भोजन पर असर पड़ सकता है और वह असुरक्षित हो सकता है। सही जानकारी और सावधानी बरतकर आप माइक्रोवेव में प्लास्टिक का सुरक्षित रूप से उपयोग कर सकते हैं और बिना किसी चिंता के अपने भोजन को गर्म कर सकते हैं।



## धनुष की फिल्म तेरे इश्क में का नया टीजर आउट

साउथ सुपरस्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की हर एक अपडेट का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में धनुष की फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल को लेकर सस्पेंस क्रीएट किया गया था. लेकिन अब नए टीजर में मिस्ट्री गर्ल का चेहरा सामने आ गया है. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है. तो आइए जानते हैं रांझणा के बाद धनुष इस अपकमिंग फिल्म में किस बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ इश्क फरमाने जा रहे हैं. धनुष की रांझणा को क्रिटीक्स और दर्शकों की खूब सराहना मिली थी और आज भी रांझणा के गाने, डायलॉग तक युवाओं की जुबान पर चढ़े रहते हैं. अब फिर से धनुष ऐसी ही धमाकेदार लव स्टोरी के साथ वापस आ रहे हैं. जिसका नाम है- तेरे इश्क में. धनुष ने एक दिन पहले एक टीजर रिलीज किया था जिसमें वे हाथ में मशाल लिए कहते हैं, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे. जिसके बाद एक वॉइस ओवर आता है जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल की आवाज होती है. जो कहती है- शंकर, इश्क में बस लड़के ही मरते हैं क्या, कुछ लड़कियां भी कलेजा रखती हैं जान देने का. यह वॉइस ओवर सस्पेंस क्रीएट कर देता है कि आखिर यह मिस्ट्री गर्ल है कौन.

# घर पर नेचुरल मेकअप फिक्सर कैसे बनाएं? यहां जानें होममेड मेकअप सेटिंग स्प्रे बनाने का तरीका



आजकल ज्यादातर महिलाएं सुंदर दिखने के मेकअप का यूज करती हैं. लेकिन लंबे समय तक मेकअप को चेहरे पर फिक्स रखना थोड़ा मुश्किल होता है. धूप, धूल और पसीना आने की वजह से मेकअप थोड़ी देर बाद हटना शुरू हो जाता है. ऐसे में मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग बनाए रखना किसी टास्क से कम नहीं होता. इसलिए कई महिलाएं मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए मेकअप फिक्सर का इस्तेमाल करती हैं. यूं तो बाजार में कई तरह के मेकअप फिक्सर मिलते हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. साथ ही इन्हें खरीदने में पैसे भी अच्छे-खासे खर्च होते हैं. ऐसे में अगर आप चेहरे पर नेचुरल मेकअप फिक्सर का लगाना चाहती हैं तो यहां बताए तरीके से आसानी से घर पर उसे तैयार कर सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

1/2 कप पानी

1/2 चम्मच ग्लिसरीन

1-2 चम्मच गुलाब जल

1 छोटा स्प्रे बोतल

फ्रेश एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

अगर आप घर पर मेकअप फिक्सर बना रही हैं तो कोशिश करें इसमें फ्रेश एलोवेरा जेल का ही यूज करें. लेकिन अगर आप स्टोर से खरीद रही हैं, तो ध्यान दें कि उसमें कोई केमिकल न हो.

घर पर मेकअप फिक्सर कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बर्तन में फ्रेश एलोवेरा जेल को डाल दें. इसके बाद इसमें पानी और ग्लिसरीन को भी बताई गई मात्रा के अनुसार डाल के मिला लें. अब इसमें गुलाब जल मिला लें. आपका नेचुरल मेकअप फिक्सर बनकर तैयार हो गया है. इसे आप एक स्प्रे बोतल में डाल लें.

नेचुरल मेकअप फिक्सर लगाने के फायदे

एलोवेरा त्वचा को हाइड्रेट करता है. इसके साथ ही यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है. गुलाब जल और ग्लिसरीन से स्किन को नमी मिलती है.

## मिसेज का ट्रेलर रिलीज, सान्या मल्होत्रा ने दिखाई घर-गृहस्थी संभालने वाली महिलाओं के संघर्ष की कहानी



एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का नाम सामने आते ही दंगल फिल्म में उनका किरदार याद आ जाता है। इस फिल्म के बाद भी उन्होंने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया। मूवी कटहल और मीनाक्षी सुंदरवेश्वर में भी उनकी दमदार एक्टिंग को सराहा गया। इन दिनों उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म मिसेज की चल रही है। इसका इंतजार प्रशंसक लंबे समय से कर रहे थे। हालांकि, अब इससे जुड़ी गुड न्यूज सामने आ गई है।

मिसेज फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में ट्रेलर जारी किया। इसे देखने के बाद मिसेज की कहानी का अंदाजा भी लग गया है। यह एक हाउस वाइफ की कहानी को दर्शाती है। आमतौर पर इस तरह के विषय पर आधारित फिल्मों में आधुनिकता का ढोल पीटा जाता है, लेकिन सान्या मल्होत्रा स्टारर मूवी समाज की उस महिला को दर्शाती है, जिसे खाना बनाने और साफ-सफाई करने का काम सौंप दिया जाता है और उसे ही उनकी जिंदगी बताया जाता है। फिल्म में एक्ट्रेस सान्या एक नई दुल्हन ऋचा की भूमिका में नजर आएंगी। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से जुड़ी जानकारी का अपडेट शेयर किया है। बता दें कि मूवी को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। आरती कड़व के निर्देशन में बनी फिल्म का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर किया जाएगा।



## छोटी सी ड्रेस पहन सुरभि चंदना ने कराया हॉट फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग और हॉट अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही कातिलाना अदाओं में पोज देती हुई इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं।

कानों में बड़ी सी इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

सुरभि चंदना की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बेहद शानदार। तीसरे यूजर ने लिखा है।

## सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार है डाकू महाराज

साउथ सिनेमा के दिग्गज एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। तेलुगु भाषा में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली डाकू महाराज हाल ही में हिंदी वर्जन में भी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की कहानी और स्टार कास्ट की एक्टिंग की खूब चर्चा हो रही है। इसी बीच डाकू महाराज की ओटीटी रिलीज को लेकर सुर्खियां तेज हो गई हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह फिल्म कब और कहां ऑनलाइन रिलीज हो सकती है।

12 जनवरी को डायरेक्टर बॉबी कोहली के निर्देशन में बनी डाकू महाराज बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया था। हाल ही में 24 जनवरी को फिल्म का वर्जन हिंदी बेल्ट में सिल्वर स्क्रीन पर आया है, जिसे लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है।

## शब्द सामर्थ्य -311

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# जिले की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिले की आयुष्मान आरोग्य मंदिर सागरपुर, बिशुनपुर और सल्का ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह उपलब्धि राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन के बाद मिली, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक जांच की गई।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 12 विभागों एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया। कोरिया जिले की इन तीन स्वास्थ्य संस्थाओं ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की! बिशुनपुर 89.76प्रतिशत (मूल्यांकन तिथि 4 जनवरी 2025), सागरपुर 89.32प्रतिशत (मूल्यांकन तिथि 6 जनवरी 2025) और सल्का 89.00प्रतिशत (मूल्यांकन तिथि 18 जनवरी 2025)। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में



और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा यह मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया। इस प्रक्रिया में स्वास्थ्य संस्थानों की क्वालिटी टीम, ब्लॉक स्तर की टीम, अस्पताल स्टाफ एवं मितानिनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस उपलब्धि के साथ कोरिया जिला वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) के अनुरूप तैयार किया गया, जिससे यह प्रतिष्ठित NQAS प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

## मासूम बच्ची के साथ हुआ दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

**बलरामपुर।** आदिवासी बालिका छात्रावास में 11 साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा की तबियत खराब होने पर मामला उजागर हुआ है।

पीड़िता ने स्कूल में पढ़ने वाले 2 सहयोगी छात्रों पर रेप का आरोप लगाया है। पूरा मामला बलरामपुर जिले के करौंधा थाना क्षेत्र का है। एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी ने की घटना की पुष्टि है। पुलिस के मुताबिक, स्वास्थ्य परीक्षण में मासूम की गर्भवती होने की पुष्टि हुई है. देर रात पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों ने छात्रावास प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाते हुए छात्रों की सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है।

# कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

### मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के दिए निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने मनसुख स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से समय पर अस्पताल पहुंचें और मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें। कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनके इलाज और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को संक्रमण का खतरा न हो। उन्होंने कहा मरीजों को



समय पर दवा और इलाज मिले, इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। श्रीमती त्रिपाठी ने अस्पताल में शुद्ध पेयजल और मूलभूत सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने व मरीजों और उनके परिजनों से आत्मीय व्यवहार और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सभी की भागीदारी आवश्यक है ताकि कोई भी मरीज उपचार से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने कलेक्टर की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि प्रशासन का इस तरह का निरीक्षण स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने में सहायक होगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी, डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अंत में सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करें और मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दें।

## जिला पंचायत सदस्यों के लिए अब-तक 45 अभ्यर्थियों ने लिया आवेदन

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दस जिला पंचायत सदस्यों के लिए 45 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिए है। 27 जनवरी को 8, 28 जनवरी को 15 और आज 29 जनवरी को 22 अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत सदस्य हेतु फार्म प्राप्त किया है। बता दें जिला पंचायत क्षेत्र कोरिया के सभी दस सीटों के लिए नामांकन आवेदन पत्र की प्रक्रिया 27 जनवरी से आरंभ हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक नियत समय तक कोई भी नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया। जारी सूचना के अनुसार नामांकन आवेदन प्राप्त करने व जमा करने की अंतिम तारीख आगामी 3 फरवरी निर्धारित की गई है। 3 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक जिला पंचायत क्षेत्रों के लिए निर्धारित निर्वाचन में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन जमा कर सकते है। नियत समय तक जमा किए समस्त नामांकन आवेदनों की संवीक्षा की कार्यवाही आगामी 4 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। विदित हो कि कोरिया में जिला पंचायत की सभी दस सीटों के लिए पात्र अभ्यर्थी आगामी 6 फरवरी को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकते हैं।

## कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने नाम निर्देशन केंद्र पहुंचकर लिया व्यवस्था का जायजा



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रही चुनाव तैयारियों का निरीक्षण किया। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 27 जनवरी से नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बंजारीडांड एवं मनसुख नाम निर्देशन केंद्र पहुँचकर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत नाम निर्देशन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की तथा सरपंच और पंच पद के लिए विभिन्न पंचायतों में चल रहे नाम निर्देशन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदाता सूची काउंटर, नाम निर्देशन संधारण पंजी और नामांकन शुल्क रसीद बुक की जांच की। उन्होंने नाम निर्देशन पत्रों को सुरक्षित रखने और प्रतिदिन सम्बंधित रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करने के निर्देश दिए।

## निर्वाचन पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता ने नगर पंचायत पटना का किया दौरा



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता नगर पंचायत पटना में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की। बता दें पहली बार पटना नगर पंचायत बनने के बाद निर्वाचन हो रहा है। निर्वाचन को लेकर स्थानीय लोगों में बेहद उत्साहित हैं। पटना नगर पंचायत में अध्यक्ष व 15 वार्डो में पार्षद पदों के लिए चुनाव होंगे। अध्यक्ष पद के लिए 6 और पार्षद पद के लिए 64 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। आज नामांकन फार्म की संवीक्षा के बाद अध्यक्ष पद के लिए 6 और पार्षद पदों के 63 उम्मीदवारों का फार्म सही पाया गया है। बता दें पटना में नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए महिला सामान्य सीट आरक्षित है। पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता ने नगर पंचायत पटना पहुंच कर नामांकन प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संवीक्षा के दौरान सभी फार्मो का बारीकी से परीक्षण किया। संवीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रतीक जायसवाल व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला व निबंध आयोजित कर पुलिस परिवार ने किया प्रोत्साहित, पुरस्कार बांटे





**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में ज्यादा से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं और आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है।

इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार, 29 जनवरी को चौकी प्रभारी खड़गवां योगेंद्र जायसवाल और उनकी टीम ने हायर सेकेंडरी स्कूल बोझा/खड़गवां के शिक्षक एवं बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। यातायात नियमों संकेतो चिन्हों को दिखाते हुए बच्चों को जानकारी प्रदान करने के साथ ही यातायात नियम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। चौकी प्रभारी के द्वारा स्कूल स्टाफ और बच्चों से प्रश्न पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले बच्चों को नगद पुरस्कार वितरण किया गया। बिना हेलमेट वाहन चलाने को पूर्णता मना किया गया, साथ ही भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने का संकल्प किया गया, यातायात नियमों के सूचनात्मक चिन्ह नियमों की जानकारी के साथ यातायात संबंधित नियम, रोड पार करने, चौक चौराहे पार करने के नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स की जानकारी, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, तीन सवारी, हेलमेट अनिवार्यता और सीट बेल्ट अनिवार्यता को बताते हुए मादक द्रव्यों के सेवन के साथ तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलने और वाहन चलाते समय प्रेशर हॉर्न का उपयोग प्रतिबंधित तथा मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना, ज़ेबरा क्रॉसिंग, रेलवे क्रॉसिंग के नियमों का पालन करना बताया गया। बच्चों को यह समझाइए दी गई की ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के उपरांत ही गाड़ी चलाएं यह भी बताया गया की दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य तथा सड़क पर वाहन चलाते और पार्क करने के तरीके साथ ही मोटर अधिनियम धाराएं और जुर्माना की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संतोष भारती के द्वारा लाइसेंस बनवाने के नियमों को बताया गया और नियम विरुद्ध वाहन चलाने पर आर्थिक क्षति तथा दुर्घटना घटित होने पर शारीरीक छती के संबंध में छात्रों को जानकारी दी गई। भारत सरकार के आदेशानुसार राज्य सरकार के मंशा अनुसार चलाए जा रहे मासिक यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विद्यालय में चित्रकला और निबंध का आयोजन किया गया इसमें यातायात के लाभ और दुर्घटनाओं से होने वाली हानि पर बच्चों के द्वारा चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। निबंध में प्रथम स्थान चंदा राजवाड़े, चित्रकला में प्रथम स्थान सीता सिंह और तृतीय स्थान मुकेश राजवाड़े को चौकी प्रभारी के द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन एल.पी.तिवारी, आलोक लकडा और कलावती शांडिल्य के द्वारा किया गया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों की समीक्षा कर प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने प्रशासन ने दिए निर्देश

**सूरजपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विग्न एवं शांतीपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार, 28 जनवरी 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन एवं डीआईजी/एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा थाना-चौकी प्रभारी व कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा कर बार्डर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही अंतर्राज्जीय व अंतर जिला सीमा से लगे थानों को भी विशेष सतर्कता बरतने एवं गहनता से चेकिंग करने, किसी भी स्थिति में अवैध वस्तुओं का परिवहन न हो यह सुनिश्चित करने तथा चुनाव के दौरान संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध के निर्देश दिए। चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले शिकायत पर पूर्ण निष्पक्षता से जांच कार्यवाही करने एवं चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाले सभी तत्वों से सख्ती से निपटने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों



में असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित व सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि ऐसे संभावित संदिग्ध व्यक्ति जिनसे मतदान के दौरान व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका हो उन्हें पाबंद करने में तेजी लाई जाए। सभी मतदान केन्द्रों पर निरंतर भ्रमण शील रहें। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि चुनाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की ड्यूटी लगाई गई है जो पूरे जिले में सुरक्षा प्रबंध को पुख्ता करेंगी और कहीं भी समस्या होने पर रिस्पांस टाईम में फौरन वहां पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही व व्यवस्था को दुरूस्त बनायेगी। पेट्रोलिंग पार्टी को जिन-जिन मतदान केन्द्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें रूट पहले से भ्रमण करने एवं चुनाव ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों को वायरलेस सेट रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीएम जगरनाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का व जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## यूपी सीमा से लगे धनवार बॉर्डर पर वाहनों की लगी कतार

**बलरामपुर।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश से लगे सभी सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं पर महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन के उद्देश्य से वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दिया है वही जानकारी है कि उक्त फैसले की वजह से बलरामपुर जिले के धनवार बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। इधर सूत्रों कि माने तो उत्तर प्रदेश सरकार ने 31 जनवरी रात 12 बजे तक छोटे-बड़े सभी वाहनों पर आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है वही किसी भी प्रकार के वाहनों को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है इस प्रतिबंध की वजह से रास्ते में फंसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## बोतल में पेट्रोल न देने पर महिला कर्मी को पीटा

**रायपुर।** राजधानी के पिरदा स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर कार्यरत महिला कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. बॉटल में पेट्रोल नहीं देने पर युवक ने महिला कर्मचारी की बेदम पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गई. इस मामले में विधानसभा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी लल्ला बांधे ने महिला कर्मचारी की पिटाई की है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया है. मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी की हरकतें साफ नजर आ रही. इस फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## कांग्रेस ने निकाय चुनाव में पार्षद टिकट 25 लाख में बेची-महोबिया

**रायपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. झुमुक लाल महोबिया के पुत्र भूपत महोबिया ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह आरोप लगाया कि नगर निगम चुनाव में चयन समिति के मुख्य पदाधिकारियों ने 25 लाख रुपये लेकर वार्डों की टिकट बेची है। उन्होंने बताया कि वे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं महापौर प्रतिनिधि पद पर कार्यरत हैं। 45 साल से अधिक अवधि में उन्होंने कांग्रेस की सेवा की है। उन्हें टिकट न देकर ऐसे आदमी को टिकट दी गई है जो पार्टी का सदस्य तक नहीं है। उन्होंने कहा कि वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वार्ड क्रमांक 65 से चुनाव लड़ रहे हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान उनके समर्थक प्रेस क्लब परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के क्षेत्र में कांग्रेस को पार्षद पद के लिए नहीं मिला कोई प्रत्याशी

**रायपुर।** प्रदेश में इन दिनों नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी हो चुकी है दोनों पार्टी अपने प्रत्याशियों को लेकर चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। ऐसे में यदि किसी पार्टी को प्रत्याशी नहीं मिलना कितना शर्मनाक बात है। पीसीसी चीफ के क्षेत्र में कांग्रेस को पार्षद के लिए कोई प्रत्याशी नहीं मिला इस वजह से भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया है। यह कांग्रेस की पहली हार है। नौबत यहाँ तक आ गई है दीपक बैज के क्षेत्र बस्तर में कांग्रेस को वार्ड पार्षद के लिए अपने प्रत्याशी भी ना मिले भारतीय जनता पार्टी ने अभी ये साबित कर दिया कि प्रदेश के सभी नगर निगम नगरपालिका मैं भारतीय जनता पार्टी की जबरजस्त सफलताओं के साथ जीत का आग़ाज़ हो गया है और लगातार सभी नगर पालिकाओं निगमों में भारतीय जनता पार्टी क़ाबिज़ होने जा रही है वैसे भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सभी योजनाओं को क्रियावन करने के लिए लगातार राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्रीगण पूरे प्रदेश में गंभीरता से जनता की समस्याओं को देखते हुए सभी योजनाओं को जल्द से जल्द और अच्छे ढंग से निष्पादन करने हेतु जो कार्य कर रहे थे जिसके कारण पूरे प्रदेश में नगर पालिकाओं नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी सफलता मिलने की सम्पूर्ण संभावना है।

## पुराना शातिर चोर चोरी के ट्रक के साथ पकड़ाया

**रायपुर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 28.01.25 के रात्रि 2:30 बजे घटना स्थल घडी चौक के सामने ओव्हर ब्रीज के नीचे लक्ष्मी मेडिकल के आगे आम मुख्य मार्ग सुपेला भिलाई जिला दुर्ग 27-28.01.2025 दरम्यानी रात प्रार्थी डुगेश्वर साहु लोड ट्रक सुपेला घड़ी चौंक में खड़ी करके अपने घर शांति नगर सुपेला चला गया वापस आकर देखा तो गाड़ी वहा नही खड़ी नही थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 123/2025 धारा 305(बी) भा0न0स0 कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक दुर्ग, जितेन्द्र शुक्ला द्वारा चोरी करने वालो के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधिक्षक हेमप्रकाश नायक एसीयीयु के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ एवं चोरी पर प्रतिबंध लगाने के निर्देशन प्राप्त है। जिस पर सुपेला एवं एसीसीयु की संयुक्त टीम के जरीये आरोपी राजीव कुमार सिंह मामले के प्रार्थी दुर्गेश कुंमार साहू के वाहन ट्रक क्रमॉक सीजी 07 एन ए 5125 के पीछे डाला मे भरी 25.510मिट्रीक टन स्टीप्स क्वाईल किमती 12 लाख 89 हजार 567 रूपये।

# निकाय चुनाव : हताश कांग्रेस पार्टी मान ले अपनी हार-साव

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के दौरान तेज सियासी बयानबाजी के बीच उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस को पूरी तरह से निराश बताते हुए चुनाव से पहले ही हार मान लेने की बात कह दी. वहीं निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस के कुशासन पर आरोप पत्र लाने की बात कहते हुए जरूरत पड़ने पर जांच कराने की बात कहीछत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से रू-ब-रू हुए. इस दौरान उन्होंने कहा है कि राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है, उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है. साव ने कहा कि अनेक स्थानों पर उन्हें 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था, वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है. यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है, और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है.उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत सबके सामने है. पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी में कैसी ऊहापोह और आपाधापी मची है, किस तरह से और कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है! उन्होंने कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यजनक बात है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस के पास जमीन पर काम करने वाली कोई कांग्रेस नेत्री नहीं मिली! कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान किया है, यह प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर साफहो जाएगा. कम-से-कम महापौर के पद पर भी संगठन में, जनता के बीच काम करने वाले प्रत्याशी तक कांग्रेस लेकर नहीं आ पाई.साव ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में 15 साल राज किया. राज्य के अधिकांश नगर निगमों में कांग्रेस का बहुमत था, पर निवर्तमान महापौर, जो नगरीय निकाय के पदाधिकारी हैं, उनको कांग्रेस पार्टी ने छिपा लिया क्योंकि उन्हें पता है जनता में उनके प्रति काफी आक्रोश है।

## यात्रा भत्ता का मामला उठा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में कार्यरत कामगारों को यात्रा भत्ता मिलने में देरी हो रही थी। इस मामले को एसईकेएमसी ने आई आर वार्ता में जोर शोर उठाया एरिया में आयोजित वार्ता में कहा गया कि यात्रा भत्ता के अलावा मेडिकल बिल के लिए कोयला कामगारों को भटकना पड़ता है। भागवतसिंह व प्रमोद बनर्जी ने अपनी बात रखते हुए प्रबंधन से कहा कि दवाईयों के लिए भी कोयला कामगार परेशान हो जाते है। इन सभी मामले को प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लिया है।

## ठेका मजदूरों को बोनस देने की मांग

**कोरबा।** पिछले दिनों एसकेएमएस और ढेलवाडीह प्रबंधन के मध्य मंग पत्र को लेकर चर्चा की गई। जिसमें एसकेएमएस ने ठेका मजदूरों को बोनस देने व वेतन पर्ची के लिए कहा इसी तरह ठेका मजदूरों को इलाज की सुविधा दिलाने के लिए दबाव बनाया गया। ढेलवाडीह कालोनी के कई अवासों में दरवाजें व खिड़कियां टूट गई थी। वार्ता के बाद इन दरवाजों में वेलडिंग करने का काम शुरू कर दिया गया है। एसकेएमएस के धर्माराव, प्रमोदधर दीवान, संजय सिंह, भूपेन्द्र कुमार, विनोद, ऋषभ सिंह ने कॉलोनी के अन्य समस्याओं को भी प्रबंधन के सामने रखा। प्रबंधन ने सभी समस्याओं को दूर का आश्वासन दिया है।

## कल रिटायर कर्मी होंगे सम्मानित

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में कल रिटायर कर्मियों की बिदाई करते हुए उनका सम्मान करेगें। अधिकारी के साथ साथ जेसीसी सदस्य शेखचांद मंसूरी,छंद राम राठौर, हरनारायण केशरवानी, कृपाल सिंह, जीवराखन चंद्रा, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह अन्य सदस्य मौजूद रहेगें। केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में भी कल दो कामगारों का सम्मान किया जाएगा। इन कमगारों को बाजे गाजे के साथ दिलीप सिंह, बीआर सुमन, राजेश पाण्डेय, संतोष टंडन सहित अन्य सदस्य घर तक छोड़ेगे।

## संविदा कर्मियों को नियमित होने का इंतजार

**कोरबा।** विद्युत मंडल में संविदा के आधार पर नौकरी कर रहे बिजली कर्मचार नियमित होने का इतंजारकर रहे है। इस मामले को बिजली कर्मचारी संघ ने जोरशोर उठाया था। रायपुर में इस मामले में वार्ता भी हुई थी। आश्वासन मिलने के बाद पुराने पेंशन के मामले में भी आदेश का इंतजार कर है। बिजली कर्मचारी संघ आरएस जायसवाल, नवरत्न बरेठ, अजय मिश्रा व संदीप राठौर का कहना है कि मांग पत्र पर आश्वासन मिलने के ािद बिजली कर्मचारी इंतजार कर रहे है कि चुनाव आचांर सहित खत्म होते ही आदेश मिल जाएगा। इस मामले में आगे की रणनीति चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही बनाई जाएगी।

## विश्रामपुर में रहेगा नेताओं का जमावड़ा

**कोरबा।** एसईसीएल में सुरक्षा को लेकर काफी गंभीरता दिखाई जाती है। शुन्य दुर्घटना के उद्देश्य को लेकर सभी ईकाईयों में कार्यक्रम भी होते है। कई एरिया ऐसे है। जहां के कोयला कामगार काफी सजग है ऐसे एरिया को पुरस्कार देने के लिए विश्रामपुर बुलाया गया है। जिसमें केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, अशोक सिंह, एनके सिंह, राजू सोनी, गोपाल यादव, सतीश सिंह, अशोक साहू, सॉजी जॉन , रेशम लाल यादव, गिरजा साहू की दीपक उपाध्याय, एविश्वास,सुरेन्द्र मिश्रा सहित कई बड़े नेता शामिल होगें।

*कोरबा। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 से सुषमा रवि रजक 31 जनवरी को नामांकन पत्र जमा करेंगे।

जय श्रीराम

प्लाट बेचना है

50 डिसमिल, 12 डिसमिल का प्लाट बेचना है। बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे।

संपर्क करें

प्रापर्टी डीलर

62681-46606

# दो चुनाव में बढ़त मिली, अब भाजपा के सामने जीत हासिल करने की चुनौती

### वार्ड 29 में स्थानीय प्रत्याशी नहीं मिला

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख दलों को कई वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी की तलाश काफी मुश्किल भरी हो गई। तमाम तरह से आ रही जानकारी के बावजूद वार्ड के कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि नहीं ली गई। बाहर से दूसरे कार्यकर्ता को पेश किया गया। वार्ड 29 मुड़ापार में अब भाजपा के सामने जीत हासिल करने की चुनौती इसलिए है क्योंकि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 1000 वोट की बढ़त प्राप्त हुई थी।

खबरों के मुताबिक परिसीमन से पहले वार्ड क्रमांक 26 के रूप में पहचाने जा रहे मुड़ापार वार्ड में अब नगरीय निकाय चुनाव दिलचस्प होने के साथ कठिन हो गया है। प्रदेश में भाजपा की सत्ता और कोरबा से इसी पार्टी का विधायक होने के कारण संगठन की अपेक्षा बढ़ गई है कि कम से कम इस बार इस वार्ड से पार्टी की जीत होना चाहिए, चाहे प्रत्याशी कोई हो। भाजपा ने रामकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाया है। जबकि स्थानीय स्तर से




मंडल के लिए हेमंत चौहान का नाम भेजा गया था। कतिपय कारणों से कोर कमेटी ने रामकृष्ण को यहां से फाइनल करने के साथ जीतने के लिए रणनीति बनाई है। जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकर्ताओं को दी जरूर गई है लेकिन कहा जा रहा है कि इसमें से एक टीम सुभाष ब्लॉक कालोनी वाले वार्ड में शिफ्ट हो गई है और उसका ध्यान वहां पर टिका हुआ है। ऐसे में मुड़ापार वार्ड पहले की तरह भाजपा के लिए गड्ढा बना हुआ है। जातीय समीकरण चाहे जो हो लेकिन अज्ञात कारणों से भाजपा को स्थानीय चुनाव में लगातार कड़वे अनुभव मिलते रहे हैं।

### छोड़ दी रेलवे की नौकरी

सबसे हैरानी की बात यह है कि नगरीय निकाय चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के पास रेलवे की अच्छी-खासी नौकरी थी और उसमें मासिक वेतन भी पर्याप्त था। राजनीति का चस्का लगने पर उसने नौकरी को अलविदा कह दिया। सामाजिक कार्यकर्ता की पहचान बनाने और निगम की राजनीति के चक्कर में अब जोखिम इस बात की है कि क्या राजनीति का यह रास्ता कांटों से मुक्त हो सकेगा।

### रामसागरपारा में इसलिए मुश्किल

वहीं कोरबा के वार्ड क्रमांक-1 रामसागरपारा में कहानी उलझी हुई है वह भी कांग्रेस के लिए। यहां से कांग्रेस की ओर से जितेंद्र सोनी, आकाश प्रजापति और मालती सराफ ने पिछड़ा वर्ग से नामांकन भरा है। संवीक्षा की प्रक्रिया में इनके नामांकन वैध पाए गए हैं। फिलहाल तीनों अभ्यर्थी इस बात को लेकर परेशान हैं कि उनमें से कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी कौन है और वह अपना प्रचार कब शुरू करे। वजह यह बताई जा रही है कि अब तक किसी के नाम से बी-फार्म जारी नहीं किया गया है। संगठन के पदाधिकारी भी इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं जिससे अभ्यर्थी परेशान हैं।

# मंडी में नहीं घुस पाया तो दंतैल ने तोड़ा बाउंड्रीवाल



**कोरबा।** कुदमुरा क्षेत्र में दंतैल हाथी का उत्पात लगातार जारी है। यहां से धान मंडी में वह बीती रात फिर घुसने की कोशिश किया लेकिन वहां तैनात कर्मियों तथा वन अमले द्वारा उसे खदेड़ दिए जाने से नाराज हो गया और वन विभाग के रेस्टहाउस वहां बनी बाउंड्रीवाल को तोड़कर अपना गुस्सा उतारा। इतना ही नहीं रास्ते में एक किसान के बाड़ी के बाउंड्रवाल को भी ढहा दिया। दंतैल के उत्पात से हुए नुकसानी का आंकलन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में इन दिनों 43 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिसमें 37 हाथी कुदमुरा वन परिसर के जंगल में हैं जबकि 6 हाथी चचिया परिसर में सक्रिय हैं। कुदमुरा परिसर में मौजूद हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी अलग होकर लगातार उत्पात मचा रहा है। प्रतिदिन यह हाथी दल से अलग होकर धान मंडी के पास पहुंच जाता है और वहां रखे धान को नुकसान पहुंचाने तथा खाने की कोशिश करता है। बीती रात यह दंतैल हाथी फिर मंडी के पास पहुंचकर मंडरा रहा था जिसे वहां तैनात कर्मियों ने देख लिया और वन अमले को बुलाकर खदेड़ दिया। खदेड़े जाने पर हाथी जंगल की ओर वापस चला गया। आधी रात को वह फिर मूवमेंट किया और वन विभाग के कुदमुरा में स्थित रेस्ट हाउस में बने बाउंड्रीवाल को ढहा दिया। इतना ही नहीं रास्ते में चमार सिंह नामक ग्रामीण के बाड़ी को निशाना बनाते हुए उसके बाउंड्रीवाल को भी तोड़ दिया। इसकी जानकारी आज सुबह तब लगी जब लोगों ने दोनों ही स्थानों में बाउंड्रीवाल को टूटा हुआ देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में दंतैल द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करने में जुट गए हैं।

## रजगामार खदान में डकैती की कोशिश, 14 आरोपी धरे गए

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड रजगामार अंडरग्राउंड माइंस में डकैती को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की। इस सिलसिले में 14 आरोपियों को धरा गया है। आरोपी विभिन्न क्षेत्रों के बताए गए हैं। प्रकरण में विस्तुत जांच पड़ताल की जा रही है।

हाल में ही रजगामार माइंस में यह घटना हुई। उस दौरान आरोपियों ने खदान के एक हिस्से में प्रवेश करने के साथ सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाया और सामानों को पार करने की कोशिश की। घटना को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। पीड़ित के द्वारा प्रबंधन से जुड़े लोगों को सूचित किया गया जिस पर पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने इस घटना को लेकर अपराध दर्ज किया और आरोपियों की खोज शुरू की। गुप्तचरों के अलावा आईटी विंग का सहयोग इस मामले में लिया गया। इस कड़ी में रजगामार पुलिस को कई प्रकार की जानकारी हुई। इसके जरिए वह उस अड्डे पर पहुंची जहां आरोपी छिपे हुए थे। बताया गया कि खदान में डकैती की कोशिश करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पिछली अपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। याद रहे दो वर्ष पहले कोरबा के बंद हो चुके 240 मेगावाट पावर प्लांट के एक भाग में संगठित चोर गिरोह ने ऐसी ही घटना को अंजाम दिया था और वहां से लाखों का स्क्रैप पार कर दिया था। सीसीटीवी में कबाड़ चोरों की हरकत कैद होने के बाद इस मामले में 9 आरोपियों को दबोचा गया था। माना जा रहा है कि इलाके में कबाड़ चोर गिरोह एक फिर से सक्रिय हो गया है और ऐसी घटना को कर रहा है।

## कोसा नगरी में दो परिवार की बहुओं को अवसर दिया दलों ने

### भाजपा की पद्मिनी का मुकाबला कांग्रेस की रानी से

**कोरबा।** नगरी निकाय चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था के कारण कई प्रकार के बदलाव देखने को मिले हैं, वही अपना प्रत्याशी रूप से नए चेहरों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी बड़ी आसानी से मिल गया है। नगर पंचायत छूरी कला में भाजपा की पद्मिनी देवांगन और कांग्रेस की रानी यादव ऐसे ही उम्मीदवार है जो पहले राजनीतिक लड़ाई के अंतर्गत मतदाताओं से रूबरू हो रही है।

पूर्व जमीदारी को लेकर छूरी कला की पहचान बिलासपुर संभाग में रही है। कोसा सिल्क व्यवसाय और इससे जुड़े बुनकर परिवारों की अधिकता इस नगर में वर्षों से बनी हुई है। सिल्क के कपड़े बनाने और और इसकी मार्केटिंग में नगर पंचायत क्षेत्र को पिछले कई दशक में अलग पहचान दी है। ग्राम पंचायत से उन्नयन करने के बाद इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है और अब यह नगरी निकाय का हिस्सा बना हुआ है। यहां पर हो रहे मौजूदा चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष का पद पिछड़ा वर्ग महिला के खाते में गया है। यहां पर अध्यक्ष का



चुनाव बिल्कुल सीधा हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि लगभग 5000 मतदाताओं वाले इस नगरी निकाय में दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस में दो परिवारों की बहू को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने प्रतिष्ठित सिल्क कारोबारी सहेलुराम देवांगन की बहू पद्मिनी प्रीतम देवांगन को चुनावी समर में उतारा है, वहीं कांग्रेस की ओर से संगठन के जिला उपाध्यक्ष हीरालाल यादव की बहू रानी धीरज यादव मैदान में है। अपनी दक्षता, व्यवहारिक रिश्ते और लोगों से जुड़ाव के अलावा परिवार के संपर्क के आधार पर यह दोनों प्रत्याशी स्थानीय मतदाताओं के पास पहुंच रहे हैं। चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था कहीं जाए या फिर महिलाओं को सभी क्षेत्र में बराबर अवसर दिए जाने की नीति, इस आधार पर कोरबा जिले में नगरीय निकायों में महिलाओं को दमखम दिखाने के मौके मिले हैं। स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रत्याशी यहां वहां पहुंच रहे हैं। इस निकाय में 11 फरवरी को वोट पड़ेंगे और 15 फरवरी को नतीजे घोषित होंगे।

## लकड़ी लेने जंगल गई महिला पर भालू ने किया हमला

**कोरबा।** जिले के लेमरू वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कुटूरवा बीट के अरसेना गांव में लकड़ी लेने जंगल गयी एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया । जिससे वह घायल हो गयी उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार अरसेना निवासी बीरथ बाई उराव बुधवार की दोपहर लकड़ी लेने जंगल गई हुई थी। तभी उसका सामना पेड़ के पीछे छिपकर बैठक एक खुखार भालू से हो गया। भालू ने महिला को देखते ही हमला कर दिया । जिससे वह लहूलुहान हो गयी किसी तरह महिला ने अपने आप को भालू के चंगूल से छोडवाया और मदद के लिए गुहार लगाई। महिला का आवाज सुनसर गांव वाले जंगल पहुंचे और घायल महिला को उपचार



के लिए अस्पताल भेजवाया। साथ ही वन विभाग को भी सूचित किया जिसपर रेंजर जयनाथ गोड़ के निर्देश पर वन विभाग के कर्मी अस्पताल पहुंचे और महिला का हाल चाल जानने के साथ उसे उपचार के लिए तत्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करायी बताया जाता है कि भालू ने महिला के होठ तथा मुंह के काफी हिस्से को नोच डाला है।



पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती श्यामा पाल ने बीडीसी पद के लिए नामांकन दाखिल किया। वे लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही हैं।

## बुधवारी में व्यवस्था बिगाड़ी कई वाहनों पर की कार्रवाई

**कोरबा।** सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहनों को पार्क करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवारी साप्ताहिक बाजार के पास सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोगों ने बेतरतीब ढंग से अपनी वाहनों को खड़ा रखा। अभियान चलाकर पुलिस ने वाहनों को जप्त कर लिया। अब उन वाहन चालकों को कोर्ट से अपनी वाहनों को छुड़वाना पड़ेगा।

बुधवार के दिन साप्ताहिक बाजार होने के कारण बुधवारी मुख्य मार्ग पर हमेशा जाम लगता है। रही सही कसर लापरवाह वाहन चालक पूरी कर देते हैं,जो अपनी वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई का डंडा चलाया। पुलिस की टीम ने एक एक कर बेतरतीब ढंग से नो पार्किंग में खड़ी वाहनों को जप्त कर लिया। क्रेन के माध्यम से कई वाहनों को जप्त कर लिया गया। अब उन वाहना चालकों को कोर्ट से अपनी वाहनों को छुड़ाना पड़ेगा।

## ग्रामीणों को इंतजार है घरों तक पानी पहुंचने का

**कोरबा।** गेरांव ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बताती के कमरानपारा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनकर तैयार हो गया है लेकिन यहां नल का जाल नहीं बिछाया जा सका है। फलस्वरूप लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई स्थानों पर हैंडपंप लगाए गए हैं लेकिन उसका पानी लाल आता है जो पीने योग्य नहीं है।



## निकाय चुनाव में बढ़ी गुलदस्ते, समोसे और स्टीकर की मांग

**कोरबा।** हर चुनाव को संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं लेकिन इन चुनावों में व्यवसायियों को प्रत्यक्ष आमदनी भी होती है। जिले में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अचानक से फूलमाला, गुलदस्ता और समोसा, कचौड़ी के साथ-साथ प्रचार सामाग्री की मांग बढ़ी है। संबंधितों की कमाई में भी वृद्धि हुई है।

कोरबा में सामान्य सीजन में फूल कारोबारी हर दिन कुछ हजार की बिक्री कर लिया करते हैं। निगम चुनाव में नामांकन, रैली और प्रचार के दौर में प्रतिदिन इनकी मांग बढ़ी है। इसके आंकड़े ने कारोबारियों को खुश किया है। इसके बाद सबसे ज्यादा बिक्री खोमचा कारोबार करने वालों की हो रही है। कार्यकर्ताओं के अलावा गली-मोहल्लों में प्रचार के दौरान कुछ लोगों को खुश करने के लिए इस प्रकार की चीजें प्रत्याशी जरूर रख रहे हैं। बताया गया कि पार्टी प्रतीकों और दूसरे सामान भी चुनाव में जरूरी हैं। पिछले चुनाव में बचा सामान अब बड़ी आसानी से खप रहा है।
















स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com